राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# क्रांति समय

**कार्यालय ऑफिस**
क्रांति समय दैनिक समाचार में
प्रेसनोट,नोटिस,वेपार संबंधित संपर्क करें
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-9879141480
ईमेल:-info.krantisamay@gmail.com

**सुरत गुजरात से प्रकाशित, मुंबई,उत्तरप्रदेश,बिहार,राजस्थान,मध्यप्रदेश,उतरांचल,उतराखंड,दिल्ली,हरियाणा में प्रसारीत**

सुरत-गुजरात,संस्करण शुक्रवार, 26 अगस्त 2022 वर्ष-5,अंक-209 पृष्ठ-08 मूल्य-01रूपये

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## 15 घंटे की ED रेड के बाद प्रेम प्रकाश अरेस्ट: तिजौरी से मिली थी दो AK-47; प्रेम के 11 ठिकानों पर हुई थी छापेमारी

**रांची।** सत्ता के गलियारे में पकड़ रखने वाले प्रेम प्रकाश को ED ने देर रात अरेस्ट कर लिया है। गिरफ्तारी से पहले उसके रांची वाले घर के अलावा अलग-अलग 11 से अधिक ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की गई। ये छापेमारी देर रात तक चली। हरमू स्थित उसके घर की तिजौरी से एजेंसी ने दो AK- 47 राइफल मिली थी। साथ ही 60 गोलियां भी बरामद की गई थी।

ED ने इससे पहले भी पूछताछ के लिए उसे उठाया था और फिर छोड़ दिया था। सत्ता के गलियारे में पीपी के नाम से फेमस प्रेम प्रकाश कई नौकरशाह से नजदीकी संबंध बताए जाते हैं जिसके बल पर वह काफी सक्रिय रहता था। इतना ही नहीं, राज्य में हुई अवैध माइनिंग के तार भी उससे जुड़े माने जाते हैं। ईडी सूत्रों की मानें तो उसके कनेक्शन का राज सीएम के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्र से पूछताछ के दौरान खुला था।

प्रेम प्रकाश के घर तिजोरी से 2 AK-47 राइफल बरामद की गई हैं।



60 कारतूस भी मिले हैं। बता दें कि झारखंड के खनन घोटाले में बुधवार को 16 ठिकानों पर ED ने छापा मारा था। इसमें प्रेम के 11 ठिकानों पर रेड मारी गई थी। रांची के अरगोड़ा थाना प्रभारी विनोद कुमार का दावा है कि प्रेम प्रकाश के घर से मिली 2 AK-47 और कारतूस जिला पुलिस के जवानों के हैं। बुधवार देर शाम दो पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया।

**प्रेम प्रकाश के 11 ठिकानों पर रेड**

प्रेम प्रकाश के पुराने दफ्तर में भी छानबीन की गई। यह ऑफिस पिछले कुछ दिनों से बंद है। प्रेम प्रकाश के 11 ठिकानों पर रेड हुई। झारखंड की राजनीति में प्रेम प्रकाश की मजबूत पैठ मानी जाती है। इससे पहले भी ED ने प्रेम को पूछताछ के लिए बुलाया था। हालांकि, कुछ घंटे सवाल करने के बाद ED ने उसे छोड़ दिया था।

इस कार्रवाई के बारे में स्थानीय पुलिस को भनक तक नहीं लगने दी गई। श्रेष्ठ रांची में ष्ट एमके झा, यस एंड कंपनी की चार्टर्ड अकाउंटेंट अनीता कुमारी के घर भी कागजात खंगाले। लालपुर के जतिन चंद्रा रोड स्थित सिंह अपार्टमेंट में अनीता कुमारी का 1-A नंबर में फ्लैट है, इसमें भी छापेमारी की गई। एक टीम ने प्रेम प्रकाश के सासाराम स्थित घर पर भी तलाशी ली है। कभी मिड डे मील में अंडा सप्लाई का काम करने वाला प्रेम प्रकाश 8 साल में झारखंड की सत्ता का पावर ब्रोकर बन गया। IAS-IPS अधिकारियों की ट्रांसफर-पोस्टिंग से लेकर कई ठेकों को मैनेज करने में प्रेम प्रकाश का बड़ा रोल रहा है। 8 साल पहले 2015-16 में राज्य सरकार द्वारा रेडी टु ईट फूड की व्यवस्था की गई। इसी मिड डे मील में अंडे की सप्लाई का काम प्रेम प्रकाश को मिला था। इसके रास्ते ये धीरे-धीरे अपनी पैठ बनाता चला गया। बरियातू थाने के पीछे एक अपार्टमेंट के पेंट हाउस में आयोजित उसकी पार्टी में सत्ता से जुड़े तमाम नेता, अधिकारी शामिल होते थे।

**● रांची में प्रेम प्रकाश के ठिकानों पर सुबह छह बजे शुरू हुई छापेमारी रात करीब 12 बजे तक यानी 18 घंटे तक चली। ईडी प्रेम प्रकाश से गुप्त ठिकानों पर पूछताछ कर रही है। इसके अलावा सासाराम में प्रेम प्रकाश के रिश्तेदारों के दो ठिकानों पर भी रेड डाली गई। सूत्रों के मुताबिक, सीबीआई के हाथ कई ऐसे दस्तावेज लगे हैं, जिनसे पीपी के संबंध अवैध खनन से जुड़े हैं। छापे के दौरान रांची के हरमू स्थित प्रेमप्रकाश उर्फ पीपी के किराए के मकान शैलोदय से दो एके 47 रायफल, मैगजीन और 60 गोलियां मिली हैं। पुलिस ने कबूल किया है कि दोनों एके 47 रांची पुलिस के हैं। इस मामले में दो आरक्षियों को निलंबित भी कर दिया गया है।**



## भारत-पाक सीमा पर बीएसएफ ने नशीले पदार्थों की तस्करी का प्रयास विफल किया, हेरोइन बरामद



**सांबा।** भारत-पाक अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तान लगातार कभी घुसपैठ तो कभी नारकोटिक्स की खेप भेज रहा है। जम्मू-कश्मीर के सांबा जिला स्थित भारत-पाक सीमा पर बीएसएफ की 161 वीं वाहिनी ने एक बड़ी खेप तस्करी के प्रयास को विफल किया है। सांबा सेक्टर की चिलयारी पोस्ट के पास ही पाकिस्तान की ओर से घुसपैठियों ने कुछ पैकेट भारत की ओर फेके हैं। सूत्रों की मानें तो देर रात को ढाई बजे के करीब पाकिस्तान की ओर से एक मूवमेंट देखी गई। बताया जा रहा है कि एक व्यक्ति बीएसएफ की तारबंदी की ओर आ रहा था। मूवमेंट के बाद जवानों ने फायरिंग की लेकिन इससे पहले वे कुछ सामान भारत की ओर फेंक चुका था। बीएसएफ की फायरिंग में घुसपैठिये के शरीर के निचले हिस्से में गोलियां लगी हैं। खेप को फेंककर घुसपैठियां किसी तरह से वापस निकलने में कामयाब हो गया। सुबह जब तलाशी ली गई तो तारबंदी के पास से ही एक कपड़े में लिपटे कुछ पैकेट बरामद किए गए। जिनमें नारकोटिक सामान बरामद किया गया है। बताया जा रहा है कि यह आठ किलो के करीब हेरोइन है। यही नहीं मौके पर घुसपैठियों के घायल अवस्था के चलते खून के निशान मिले हैं। बता दें कि पाकिस्तान कभी ड्रोन से हथियार तो कभी नारकोटिक्स भेज रहा है। इस बार पाकिस्तान ने एक घुसपैठिये के माध्यम से नारकोटिक्स जम्मू-कश्मीर में भेजने का प्रयास किया है जिसे बीएसएफ ने विफल कर दिया।

## 21 आचार्यों ने किया विष्णुपद मंदिर का 'शुद्धिकरण', मंत्री को बर्खास्त करने की हुई मांग

**नई दिल्ली।** विष्णुपद मंदिर प्रबंधकारिणी समिति अध्यक्ष शम्भु नाथ बिट्ठल ने बताया कि मुस्लिम समाज के मंत्री आए थे जिसके बाद लोगों में मंदिर की अशुद्धि की भावना थी जिसके बाद भगवान विष्णु की पूजा की। हम बिहार सरकार से मांग करते हैं कि उनको बर्खास्त किया जाए। हमारे यहां गैर-हिंदू का बोर्ड भी लगा है। हाल में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बोधगया पहुंचे थे। बोधगया में नीतीश कुमार ने विष्णुपद मंदिर में पूजा अर्चना की थी। इस दौरान नीतीश कैबिनेट के मुस्लिम मंत्री इसराइल मंसूरी भी मौजूद रहे। इसको लेकर खूब विवाद पैदा हो गया। दरअसल, विष्णुपद मंदिर में गैर-हिंदुओं के प्रवेश की इजाजत नहीं है। बावजूद इसके कैबिनेट मंत्री इसमें शामिल हुए। इसको लेकर पुजारियों ने भी रोष प्रकट किया था। वहीं भाजपा नीतीश कुमार पर ही हमलावर हो गई। इन सबके बीच 21 आचार्यों ने मंदिर का शुद्धिकरण किया है। शुद्धीकरण के लिए पूजा पाठ और हवन किया गया। जानकारी के मुताबिक राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ राज्य में कैबिनेट मंत्री इसराइल मंसूरी के द्वारा गया में विष्णुपद मंदिर के दर्शन करने के बाद 21 आचार्यों ने मंदिर का 'शुद्धिकरण' किया। विष्णुपद मंदिर प्रबंधकारिणी समिति अध्यक्ष शम्भु नाथ बिट्ठल ने बताया कि मुस्लिम समाज के मंत्री आए थे जिसके बाद लोगों में मंदिर की अशुद्धि की भावना थी जिसके बाद भगवान विष्णु की पूजा की। हम बिहार सरकार से मांग करते हैं कि उनको बर्खास्त किया जाए। हमारे यहां गैर-हिंदू का बोर्ड भी लगा है। इसको लेकर भारतीय जनता पार्टी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर दूसरे धर्म में आस्था रखने वाले राज्य के मंत्री को एक प्राचीन मंदिर में ले जाकर हिंदू संवेदनाओं को जानबूझकर आहत करने का आरोप लगाया। इस मंदिर में गैर हिंदुओं का प्रवेश वर्जित है। पसमांदा मुस्लिम समाज से आने वाले मंसूरी ने बाद में संवाददाताओं से कहा, ''मुख्यमंत्री के साथ मंदिर के दर्शन का अवसर पाकर मैं खुद को धन्य महसूस कर रहा हूं।'' मंसूरी के पास सूचना प्रौद्योगिकी विभाग है।

## बेबाक बोल जारी रहे तो नितिन गडकरी को उठाना पड़ सकता है और नुकसान, संघ भी है सख्त

**नई दिल्ली।** नितिन गडकरी को पिछले सप्ताह जब भाजपा के संसदीय बोर्ड से हटाया गया तो यह चौंकाने वाली बात थी। इसकी काफी चर्चा हुई थी और राजनीतिक पंडित भी इस बात को समझने की कोशिश में जुटे थे कि आखिर संघ के करीबी होने के बाद भी नितिन गडकरी के पर क्यों कतरे गए। भाजपा सूत्रों का कहना है कि नितिन गडकरी को भाजपा की शीर्ष निर्णायक संस्था से हटाने पर संघ भी सहमत था। फैसला लेने से पहले भाजपा की लीडरशिप ने संघ नेतृत्व से बात की थी और उसकी ओर से भी सहमति जताई गई थी। भाजपा और संघ के नेताओं का गडकरी को लेकर मानना है कि वह अपनी बेबाक बोलने की छवि में कैद होते दिखे हैं। पार्टी लीडरशिप को कई चीजें नागवार गुजरती रही हैं, लेकिन इसके बाद भी वह चुभने वाले बयान देते रहे हैं।

**संघ ने भी गडकरी के बयानों को माना अनुशासनहीनता**-उनकी बेबाक टिप्पणियों को भाजपा नेतृत्व के अलावा संघ ने भी अनुशासनहीनता के तौर पर लिया है। संघ के नेताओं का भी मानना है कि यदि संगठन के कुछ नियम हैं तो फिर उन्हें सभी पर



समान रूप से लागू किया जाना चाहिए। भाजपा के एक नेता ने कहा, 'नितिन गडकरी अपनी स्वायत्त छवि पेश करने की कोशिश करते रहे हैं। वह खुद को ऐसे दिखाते हैं, जैसे उन पर पार्टी के नियम लागू नहीं होते हैं।' इसी के चलते भाजपा और संघ की लीडरशिप की इस बात पर सहमति है कि भले ही किसी नेता का बहुत बड़ा कद हो, लेकिन उसे संगठन में अनुशासनहीनता की छूट नहीं दी जा सकती।

**नहीं माने तो अभी और ऐक्शन के लिए रहना होगा तैयार**-यही नहीं भाजपा और संघ लीडरशिप का मानना है कि यदि नितिन गडकरी अपनी बेबाक बयानों का सिलसिला खत्म नहीं करते हैं तो उन्हें और ऐक्शन झेलना पड़ सकता है। साफ है कि उनके खिलाफ और कार्रवाई हो सकती है यानी भविष्य में नितिन गडकरी को मंत्री पद भी गंवाना पड़ सकता है। पार्टी के एक सूत्र ने कहा कि नितिन गडकरी सार्वजनिक तौर पर ही चुभने वाले बयान नहीं देते बल्कि निजी व्यवहार में भी अलग लाइन पर चले जाते हैं। यही नहीं कहा यह भी जा रहा है कि नितिन गडकरी के बयानों को संघ की सहमति से की गई टिप्पणी के तौर पर मीडिया में पेश किया जाता था। यह बात संघ नेतृत्व को नागवार गुजरी है।

## दिल्ली को जल्दी ही मिलेंगे 11 नए अस्पताल, उपलब्ध होंगे 10 हजार से ज्यादा अतिरिक्त बिस्तर

**नयी दिल्ली।** दिल्ली में शीघ्र ही 11 नए अस्पताल होंगे, जिससे शहर की स्वास्थ्य अवसंरचना में मरीजों के लिए 10 हजार से ज्यादा अतिरिक्त बिस्तर उपलब्ध होंगे। आम आदमी पार्टी (आप) की ओर से जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने वीरवार को विभिन्न स्वास्थ्य परियोजनाओं की समीक्षा करने के बाद इसकी घोषणा की। बयान में कहा गया कि सिसोदिया ने सिरसपुर, ज्वालापुरी, मादीपुर और हस्तसाल (विकासपुरी) में बन रहे अस्पतालों के निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। इसके अलावा उन्होंने 6,838 आईसीयू बिस्तरों वाले सात नए अर्ध-स्थायी अस्पतालों के निर्माण कार्य की भी समीक्षा की। बयान में कहा गया, ''इन नए 11 अस्पतालों से दिल्ली की स्वास्थ्य अवसंचना को बल मिलेगा और लाखों दिल्लीवासी इनका लाभ उठा सकेंगे। इन नए अस्पतालों के कारण मरीजों के लिए 10 हजार से ज्यादा अतिरिक्त बिस्तर उपलब्ध होंगे।'' अधिकारियों ने सिसोदिया को जानकारी दी कि इन सभी अस्पतालों का निर्माण कार्य अगले साल के अंत तक पूरा हो जाएगा। बयान में कहा गया कि ज्वालापुरी,



मादीपुर, हस्तसाल और सिरसपुर में दिल्ली सरकार द्वारा बनवाए जा रहे चार अस्पतालों में से सिरसपुर के 11 मंजिला अस्पताल में 1,164 बिस्तर होंगे, जबकि अन्य अस्पतालों में से प्रत्येक में 691 बिस्तर उपलब्ध होंगे।

## पश्चिम बंगाल में बस और ट्रक के बीच हुई भिड़ंत में तीन लोगों की मौत

पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले में बुधवार देर शाम एक बस और ट्रक के बीच हुई भिड़ंत में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह हादसा उस समय हुआ जब पांचला के धुलोरबाध इलाके के पास बस का एक टायर फट गया।

**हावड़ा (पश्चिम बंगाल)।** पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले में देर शाम एक बस और ट्रक के बीच हुई भिड़ंत में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह हादसा उस समय हुआ जब पांचला के धुलोरबाध इलाके के पास बस का एक टायर फट गया। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, बस चालक वाहन को संभाल नहीं पाया और उसने विपरीत दिशा से




आ रहे एक ट्रक को टक्कर मार दी।

दुर्घटना में बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, और 20 से अधिक अन्य घायल हो गए। उन्हें पास के अस्पताल में ले जाया गया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने तीन लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया और मृतकों के परिवारों को दो-दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। उन्होंने ट्वीट किया, हावड़ा के पांचला में हुई दुर्घटना से गहरा दुख हुआ, जिसमें 3 लोगों की मौत हो गई और 21 घायल हो गए। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं और शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं। उन्होंने कहा, पश्चिम बंगाल सरकार मृतकों के परिवारों को 2-2 लाख रुपये प्रदान करेगी और घायलों को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है।

## 3700 किलो बारूद से 12 सेकेंड में उड़ जाएंगे 915 फ्लैट

**नोएडा।** घड़ी की टिक-टिक शुरू हो चुकी है। चंद घंटे बाद नोएडा में आसमान छूते ट्विन जमीन में मिल जाएंगे। तैयारी पूरी हो चुकी है। सेक्टर 93 ए स्थित 32 और 29 मंजिला दोनों टावर में 3700 किलो विस्फोटक लगाए गए हैं, जो महज 9-12 सेकेंड में इन्हें मलबे के ढेर में बदल देंगे। 102 मीटर ऊंचे टावर 11 मीटर मलबे के ढेर में बदल जाएंगे। ट्विन टावर को गिराए जाने से पहले आसपास की कुछ सोसायटी को एहतियातन खाली कराया जा चुका है। करीब 7 हजार परिवारों को घर छोड़ना पड़ा है। इलाके के सभी रास्ते सील कर दिए गए हैं। छह सोसायटी के लोगों को छत पर जाने से मना किया गया है। हालांकि, टावर गिराने की जिम्मेदारी संभाल रही कंपनी और विशेषज्ञों का दावा है कि आसपास की इमारतों को नुकसान नहीं होने दिया जाएगा।

**देश में पहली बार गिरेगी इतनी ऊंची इमारत**

देश में पहली बार इतनी ऊंची इमारत को गिराया जा रहा है। इससे पहले केरल के कोच्चि में अपार्टमेंट कॉम्पलेक्स को इसी कंपनी ने गिराया था। सुप्रीम कोर्ट ने 2019 में कोच्चि के मराडू में नियम विरूद्ध बनाए गए चार आपर्टमेंट ध्वस्त करने का आदेश दिया था। यह इमारत 65 मीटर ऊंची थी। जनवरी 2020 में इसे गिराया गया था। इसमें 343 फ्लैट बने थे। ध्वस्तीकरण से आसपास की इमारतों में कोई नुकसान नहीं हुआ।



**दक्षिण अफ्रीका में उड़ाई गई सबसे ऊंची इमारत**

इससे पहले दक्षिण अफ्रीका में 108 मीटर ऊंची इमारत को विस्फोट से उड़ाया गया था। 2018 में लिस्बन के 31 मंजिला बैंक में आग लग गई थी। सरकार ने इसे उपयोग के लिए अनुपयुक्त समझा। इस कारण इसे गिरा दिया गया। इसमें 894 किलो विस्फोटक लगाया गया था।

**किस गलती की दी जा रही सजा**

नेशनल बिल्डिंग कोड के नियमों का उल्लंघन करने पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सेक्टर 93 ए सुपरटेक एमरॉल्ड कोर्ट परिसर में बने ट्विन टावर ध्वस्त किए जा रहे हैं। सुपरटेक बिल्डर ने ट्विन टावर के स्थान पर पहले खरीदारों को हरियाला का स्थान बताया था। सुविधाओं को देखते हुए खरीदारों ने एमरॉल्ड कोर्ट परियोजना में फ्लैट बुक कराए। लेकिन बाद में बिल्डर ने नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी से साठगांठ करके नेशनल बिल्डिंग कोड के नियमों का उल्लंघन कर यहां ट्विन टावर खड़े कर दिए। नियमों के तहत टावर के बीच की दूरी 16 मीटर होनी चाहिए, लेकिन यहां पर सिर्फ 9 मीटर छोड़ी गई।

**देश में पहली बार इतनी ऊंची इमारत को गिराया जा रहा है। इससे पहले केरल के कोच्चि में अपार्टमेंट कॉम्पलेक्स को इसी कंपनी ने गिराया था।**

## संपादकीय

# शिक्षा में क्रांति की आशा ?

भारत को आजाद हुए 75 साल हो गए लेकिन अंग्रेजी की गुलामी हमारी शिक्षा, सरकार, अदालत और व्यापार में भी सर्वत्र ज्यों की त्यों चली आ रही है। इस गुलामी को चुनौती देने का अर्थ यह नहीं है कि हमारे बच्चे अंग्रेजी न सीखें या अंग्रेजी पढ़ने और बोलने को हम पाप समझने लगें।

(लेखक-डॉ वेदप्रताप वैदिक)

विश्व विद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने आज आशा जताई है, यह कहकर कि विभिन्न विषयों की लगभग 1500 अंग्रेजी पुस्तकों का अनुवाद शिक्षा मंत्रालय भारतीय भाषाओं में करवाएगा और यह काम अगले एक साल में पूरा हो जाएगा। यदि देश के सारे विश्वविद्यालयों को इस काम में जुटा दिया जाए तो 1500 क्या, 15 हजार किताबें अपनी भाषा में अगले साल तक उपलब्ध हो सकती हैं। हमारे करोड़ों बच्चे यदि अपनी मातृभाषा के माध्यम से पढ़ेंगे तो वे अंग्रेजी रटने की मुसीबत से बचेंगे, अपने विषय को जल्दी सीखेंगे और उनकी मौलिकता का विकास भी भलीभांति होगा। भारत को आजाद हुए 75 साल हो गए लेकिन अंग्रेजी की गुलामी हमारी शिक्षा, सरकार, अदालत और व्यापार में भी सर्वत्र ज्यों की त्यों चली आ रही है। इस गुलामी को चुनौती देने का अर्थ यह नहीं है कि हमारे बच्चे अंग्रेजी न सीखें या अंग्रेजी पढ़ने और बोलने को हम पाप समझने लगें। अंग्रेजी ही नहीं, कई विदेशी भाषाओं के लाखों जानकारों का भारत में स्वागत होना चाहिए लेकिन भारत को यदि महाशक्ति या महासंपन्न बनना है तो उसे हर क्षेत्र में स्वभाषाओं को प्राथमिकता देनी होगी। यह काम मोदी सरकार कर सके तो वह भारत की अधूरी आजादी को पूरी आजादी में बदल देगी। इस मुद्दे को आजकल हमारे गृहमंत्री अमित शाह भी जमकर उठा रहे हैं। लेकिन मुश्किल यह है कि हमारी सारी सरकारों को चलानेवाले असली मालिक हमारे नौकरशाह ही हैं। यह सरकार उनके चंगुल से बाहर निकल सके तो यह शायद कुछ चमत्कार कर सके। यदि भारत शिक्षा के क्षेत्र में यह क्रांतिकारी काम कर दिखाए तो हमारे पड़ौसी देशों की शिक्षा-व्यवस्था का भी अपने आप उद्धार हो सकता है। हमारे पड़ौसियों में अफगानिस्तान कभी अंग्रेज का गुलाम नहीं रहा। इसीलिए आज भी वहां ऊँची से ऊँची पढ़ाई फारसी (दरी) या पश्तो के माध्यम से होती है। अब से 50-60 साल पहले मैंने खुद देखा कि काबुल पोहन्तून (विवि) के प्रोफेसर छुट्टियों में अपने विषयों की जो किताबें अंग्रेजी, जर्मन, फ्रेंच और रूसी भाषा में होती थीं, उनका फारसी अनुवाद करके लाते थे। तभी उन्हें वेतन में बढ़ोतरी मिलती थी। यह नियम हमारे यहाँ भी पूरे देश में क्यों नहीं लागू हो सकता है? अब विवि अनुदान आयोग इतनी जबर्दस्त पहल कर रहा है तो मैं कहूंगा कि इसका नाम सिर्फ 'अनुदान' से ही जोड़कर क्यों रखा जाए? इसका नाम इसके शानदार काम के अनुसार रखा जाना चाहिए। मेडिकल की किताबों के हिंदी अनुवाद का काम मप्र की शिवराज चौहान सरकार ने शुरु कर दिया है। यदि सभी प्रांतों की सरकारें और विश्वविद्यालय भिड़ जाएं तो कोई विषय ऐसा छूटेगा नहीं कि जिसकी किताबें भारतीय भाषाओं में उपलब्ध न होंगी। बल्कि इसका एक शुभ परिणाम यह होगा कि हर विषय की मौलिक पुस्तकें स्वभाषा में भी उपलब्ध होने लगेंगी। कोई आश्चर्य नहीं कि वे अंग्रेजी की किताबों से बेहतर और सरल हों। यदि देश में पढ़ाई का माध्यम स्वभाषाएं होंगी तो गरीबों, ग्रामीणों, पिछड़ों, आदिवासियों के बच्चों को भी आगे बढ़ने के समान अवसर मिलेंगे। भारत सच्चे अर्थों में लोकतांत्रिक राष्ट्र बन सकेगा।

## सूक्ति

उस व्यक्ति को आलोचना करने का अधिकार है जो सहायता करने की भावना रखता है। - अब्राहम लिंकन

हमारी सबसे बड़ी महानता गिरने से बचने में नहीं है बल्कि हर बार गिरकर उठने में निहित है।- कन्फ्यूशियस

# महारानी देवी अहिल्याबाई होल्कर पुण्य तिथि

( लेखक- विद्यावाचस्पति डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन )

अहिल्याबाई ने अपने राज्य की सीमाओं के बाहर भारत-भर के प्रसिद्ध तीर्थों और स्थानों में मन्दिर बनवाए, घाट बँधवाए, कुओं और बावड़ियों का निर्माण किया, मार्ग बनवाए-सुधरवाए, भूखों के लिए अन्नसत्र (अन्यक्षेत्र) खोले, प्यासों के लिए प्याऊ बिठलाईं, मन्दिरों में विद्वानों की नियुक्ति शास्त्रों के मनन-चिन्तन और प्रवचन हेतु की।




**अहिल्याबाई होलकर** (31 मई 1725 - 13 अगस्त 1795), मराठा साम्राज्य की प्रसिद्ध महारानी तथा इतिहास-प्रसिद्ध सूबेदार मल्हारराव होलकर के पुत्र खण्डेराव की धर्मपत्नी थीं। उन्होने माहेश्वर को राजधानी बनाकर शासन किया।

अहिल्याबाई ने अपने राज्य की सीमाओं के बाहर भारत-भर के प्रसिद्ध तीर्थों और स्थानों में मन्दिर बनवाए, घाट बँधवाए, कुओं और बावड़ियों का निर्माण किया, मार्ग बनवाए-काशी विश्वनाथ में शिवलिंग को स्थापित किया, भूखों के लिए अन्नसत्र (अन्यक्षेत्र) खोले, प्यासों के लिए प्याऊ बिठलाईं, मन्दिरों में विद्वानों की नियुक्ति शास्त्रों के मनन-चिन्तन और प्रवचन हेतु की।

**जीवन परिचय**

अहिल्याबाई का जन्म चौंडी नामक गाँव में हुआ था जो आजकल महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के जामखेड में पड़ता है। दस-बारह वर्ष की आयु में उनका विवाह हुआ। उनतीस वर्ष की अवस्था में विधवा हो गईं। पति का स्वभाव चंचल और उग्र था। वह सब उन्होंने सहा। फिर जब बयालीस-तैंतालीस वर्ष की थीं, पुत्र मालेराव का देहान्त हो गया। जब अहिल्याबाई की आयु बासठ वर्ष के लगभग थी, दौहित्र नत्थू चल बसा। चार वर्ष पीछे दामाद यशवन्तराव फणसे न रहा और इनकी पुत्री मुक्ताबाई सती हो गई। दूर के सम्बन्धी तुकोजीराव के पुत्र मल्हारराव पर उनका स्नेह था; सोचती थीं कि आगे चलकर यही शासन, व्यवस्था, न्याय और प्रजारंजन की डोर सँभालेगा; पर वह अन्त-अन्त तक उन्हें दुःख देता रहा।]

अहिल्याबाई ने अपने राज्य की सीमाओं के बाहर भारत-भर के प्रसिद्ध तीर्थों और स्थानों में मन्दिर बनवाए, घाट बँधवाए, कुओं और बावड़ियों का निर्माण किया, मार्ग बनवाए-सुधरवाए, भूखों के लिए अन्नसत्र (अन्यक्षेत्र) खोले, प्यासों के लिए प्याऊ बिठलाईं, मन्दिरों में विद्वानों की नियुक्ति शास्त्रों के मनन-चिन्तन और प्रवचन हेतु की। और, आत्म-प्रतिष्ठा के झूठे मोह का त्याग करके सदा न्याय करने का प्रयत्न करती रहीं-मरते दम तक। ये उसी परम्परा में थीं जिसमें उनके समकालीन पूना के न्यायाधीश रामशास्त्री थे और उनके पीछे झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई हुई। अपने जीवनकाल में ही इन्हें जनता 'देवी' समझने और कहने लगी थी। इतना बड़ा व्यक्तित्व जनता ने अपनी आँखों देखा ही कहाँ था। जब चारों ओर गड़बड़ मची हुई थी। शासन और व्यवस्था के नाम पर घोर अत्याचार हो रहे थे। प्रजाजन-साधारण गृहस्थ, किसान मजदूर-अत्यन्त हीन अवस्था में सिसक रहे थे। उनका एकमात्र सहारा-धर्म-अन्धविश्वासों, भय त्रासों और रूढ़ियों की जकड़ में कसा जा रहा था। न्याय में न शक्ति रही थी, न विश्वास। ऐसे काल की उन विकट परिस्थितियों में अहिल्याबाई ने जो कुछ किया-और बहुत किया। वह चिरस्मरणीय है।

इन्दौर में प्रति वर्ष भाद्रपद कृष्णा चतुर्दशी के दिन अहिल्योत्सव होता चला आता है। अहिल्याबाई जब 6 महीने के लिये पूरे भारत की यात्रा पर गई तो ग्राम उबदी के पास स्थित कस्बे अकावल्या के पाटीदार को राजकाज सौंप गई, जो हमेशा वहाँ जाया करते थे। उनके राज्य संचालन से प्रसन्न होकर अहिल्याबाई ने आधा राज्य देने को कहा परन्तु उन्होंने सिर्फ यह माँगा कि महेश्वर में मेरे समाज लोग यदि मुर्दो को जलाने आये तो कपड़ो समेत जलाये।

**मतभेद**

उनके मन्दिर-निर्माण और अन्य धर्म-कार्यों के महत्त्व के विषय में मतभेद है।इन कार्यों में अहिल्याबाई ने अन्धाधुन्ध खर्च किया और सेना नए ढंग पर संगठित नहीं की। तुकोजी होलकर की सेना को उत्तरी अभियानों में अर्थसंकट सहना पड़ा, कहीं-कहीं यह आरोप भी है। इन मन्दिरों को हिन्दू धर्म की बाहरी चौकियाँ बतलाया है। तुकोजीराव होलकर के पास बारह लाख रुपए थे जब वह अहिल्याबाई से रुपए की माँग पर माँग कर रहा था और संसार को दिखलाता था कि रुपए-पैसे से तंग हूँ। फिर इसमें अहिल्याबाई का दोष क्या था ? हिन्दुओं के लिए धर्म की भावना सबसे बड़ी प्रेरक शक्ति रही है; अहिल्याबाई ने उसी का उपयोग किया। तत्कालीन अंधविश्वासों और रुढ़ियों का वर्णन उपन्यास में आया है। इनमें से एक विश्वास था मांधता के निकट नर्मदा तीर स्थित खडी पहाड़ी से कूदकर मोक्ष-प्राप्ति के लिए प्राणत्याग-आत्महत्या कर डालना।

**विचारधाराएँ**

अहिल्याबाई के सम्बन्ध में दो प्रकार की विचारधाराएँ रही हैं। एक में उनको देवी के अवतार की पदवी दी गई है, दूसरी में उनके अति उत्कृष्ट गुणों के साथ अन्धविश्वासों और रूढ़ियों के प्रति श्रद्धा को भी प्रकट किया है। वह अँधेरे में प्रकाश-किरण के समान थीं, जिसे अँधेरा बार-बार ग्रसने की चेष्टा करता रहा। अपने उत्कृष्ट विचारों एवं नैतिक आचरण के चलते ही समाज में उन्हें देवी का दर्जा मिला।

**सेनापति के रूप में**

मल्हारराव के भाई-बन्दों में तुकोजीराव होल्कर एक विश्वासपात्र युवक थे। मल्हारराव ने उन्हें भी सदा अपने साथ में रखा था और राजकाज के लिए तैयार कर लिया था। अहिल्याबाई ने इन्हें अपना सेनापति बनाया और चौथ वसूल करने का काम उन्हें सौंप दिया। वैसे तो उम्र में तुकोजीराव होल्कर अहिल्याबाई से बड़े थे, परन्तु तुकोजी उन्हें अपनी माता के समान ही मानते थे और राज्य का काम पूरी लगन ओर सच्चाई के साथ करते थे। अहिल्याबाई का उन पर इतना प्रेम और विश्वास था कि वह भी उन्हें पुत्र जैसा मानती थीं। राज्य के कागजों में जहाँ कहीं उनका उल्लेख आता है वहाँ तथा मुहरों में भी 'खण्डोजी सुत तुकोजी होलकर' इस प्रकार कहा गया है।

**मृत्यु**

राज्य की चिन्ता का भार और उस पर प्राणों से भी प्यारे लोगों का वियोग। इस सारे शोक-भार को अहिल्याबाई का शरीर अधिक नहीं संभाल सका। और 13 अगस्त सन् 1795 को उनकी जीवन-लीला समाप्त हो गई। अहिल्याबाई के निधन के बाद महाराजा तुकोजी राव ने राज्य की शासन व्यवस्था को संभाला। स्वतन्त्र भारत में अहिल्याबाई होल्कर का नाम बहुत ही सम्मान के साथ लिया जाता है। इनके बारे में अलग अलग राज्यों की पाठ्य पुस्तकों में अध्याय मौजूद हैं।

चूँकि अहिल्याबाई होल्कर को एक ऐसी महारानी के रूप में जाना जाता है, जिन्होंनें भारत के अलग अलग राज्यों में मानवता की भलाई के लिये अनेक कार्य किये थे। इसलिये भारत सरकार तथा विभिन्न राज्यों की सरकारों ने उनकी प्रतिमाएँ बनवायी हैं और उनके नाम से कई कल्याणकारी योजनाओं भी चलाया जा रहा है।

ऐसी ही एक योजना उत्तराखण्ड सरकार की ओर से भी चलाई जा रही है। जो अहिल्याबाई होल्कर को पूर्णं सम्मान देती है। इस योजना का नाम 'अहिल्याबाई होल्कर भेड़ बकरी विकास योजना है। अहिल्याबाई होल्कर भेड़ बकरी पालन योजना के तहत उत्तराखणवड के बेरोजगार, बीपीएल राशनकार्ड धारकों, महिलाओं व आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को बकरी पालन यूनिट के निर्माण के लिये भारी अनुदान राशि प्रदान की जाती है। लगभग 1,00,000 रूपये की इस युनिट के निर्माण के लिये सरकार की ओर से 91,770 रूपये सरकारी सहायता रूप में अहिल्याबाई होलकर के लाभार्थी को प्राप्त होते हैं।

*वीरता विद्वता की प्रतिमूर्ति को शत शत नमन*

## धर्म असत्यभाषी

श्रीराम शर्मा आचार्य

आखिर, हम स्वयं क्या हैं, और अपनी आंखें अपने को किस नजर से देखती हैं? आत्मा की अदालत में इन्साफ की तराजू पर तोले जाएं तो हमारा पलड़ा बुराई की ओर झुकता है या भलाई की ओर। यदि हम अपनी कसौटी पर खरे उतरते हैं, तो गुमराह लोग जो भी चाहे कहते रहें हमें इसकी जरा भी परवाह नहीं करनी चाहिए किन्तु यदि अपनी आत्मा के सामने हम खोटे सिद्ध होते हैं, तो सारी दुनिया के प्रशंसा करते रहने पर भी संतोष नहीं करना चाहिए। प्रशंसा का सबसे बड़ा कदम यह है कि आदमी अपनी समीक्षा करना सीखे, गलतियों को समझे-स्वीकारे और अगला कदम यह उठाए कि अपने को सुधारने के लिए बुरी आदतों से लड़े और उन्हें हटाकर रहे। जिसने इतनी हिम्मत इकट्ठी कर ली, वह एक दिन इतना नेक बन जाएगा कि अपने आप अपनी भरपूर प्रशंसा की जा सके। यही सच्ची प्रशंसा कही जा सकेगी। बुराई मनुष्य के बुरे कर्मो की नहीं वरन बुरे विचारों की देन होती है। इसलिए एक बार में ही समाप्त नहीं हो जाती वरन स्वभाव और संस्कार का अंग बन जाती है। ऐसे में बुराई भी भलाई जान पड़ने लगती है। इसलिए बुरे कामों से बचने के लिए बुरे विचारों से बचना चाहिए। दुष्कर्म का फल तुरन्त भोगकर उसे शान्त किया जा सकता है, पर संस्कार बहुत काल तक नष्ट नहीं होते। जन्म-जन्मांतरों तक साथ-साथ चलते और कष्ट देते हैं। घरेलू और सामाजिक व्यवस्था को बनाए रखने के लिए आवश्यक है कि क्रोध के विनाशक परिणामों पर ध्यान दें और उनके उन्मूलन का संपूर्ण शक्ति से प्रयत्न करें। प्रायः देखा गया है कि क्रोध का कारण जल्दबाजी है। किसी वस्तु की प्राप्ति या इच्छापूर्ति में कुछ विलम्ब लगता है तो लोगों को क्रोध आ जाता है, इसलिए अपने स्वभाव में धैर्य और संतोष का विकास करना चाहिए। असत्य से किसी स्थायी लाभ की प्राप्ति नहीं होती। यह तो धोखे का सौदा है, लेकिन खेद का विषय है कि लोग फिर भी असत्य का अवलम्बन लेते हैं। एक दो बार भले ही असत्य से कुछ भौतिक लाभ प्राप्त कर लिया जाए किन्तु फिर सदा के लिए ऐसे व्यक्ति से दूसरे लोग सतर्क हो जाते हैं, उससे दूर रहने का प्रयत्न करते हैं। असत्यभाषी को लोक निन्दा का पात्र बनकर समाज से परित्यक्त जीवन बिताना पड़ता है। धोखेबाज, झूठे, चालाक व्यक्ति का साथ उसके स्त्री-बच्चे भी नहीं देते।

## विचार मंथन

# शिवसेना आखिर किसकी

लेखक-सिद्धार्थ शंकर

**सुप्रीम कोर्ट** ने एकनाथ शिंदे की शिवसेना बनाम उद्धव ठाकरे की शिवसेना केस को संविधान पीठ को भेज दिया है। तीन जजों की बेंच ने 8 सवाल तैयार किए हैं, जिसके आधार पर संविधान फैसला करेगी कि शिवसेना किसकी है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से कहा कि वह पार्टी सिंबल विवाद पर गुरुवार तक फैसला ना ले। पिछली सुनवाई के दौरान मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा था कि हमारे ऊपर अयोग्यता का आरोप गलत लगाया गया है। हम अभी भी शिवसैनिक हैं। उधर, सुप्रीम कोर्ट में उद्धव ठाकरे गुट की ओर से वकील कपिल सिब्बल ने कहा था कि शिंदे गुट में जाने वाले विधायक संविधान की 10वीं अनुसूची के तहत अयोग्यता से तभी बच सकते हैं, अगर वो अलग हुए गुट का किसी अन्य पार्टी में विलय कर देते हैं। उन्होंने कहा था कि उनके बचाव का कोई दूसरा रास्ता नहीं है। उद्धव ठाकरे भले ही मुख्यमंत्री नहीं रहे, लेकिन महाराष्ट्र के लोग आज भी उन्हें ही शिवसेना नेता मानते हैं। लोग उनकी पार्टी को अब %उद्धव ठाकरे ची शिवसेना कहते हैं जबकि एकनाथ शिंदे के समर्थक %शिंदे ची शिवसेना बोलते हैं। इस दौरान पार्टी के चुनाव चिह्न, झंडे, टाइगर के चेहरे और मराठी मानुस के समर्थन के साथ शिवाजी की विरासत को फिर से हासिल करने के लिए ठाकरे परिवार कोई कोर कसर नहीं छोड़ रह है। ठाकरे परिवार उस भावना का भी राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रहा है कि गुजराती बहुल भाजपा ने एक मराठी का अपमान करने की कोशिश की है। सत्ता में रहते हुए और सत्ता से बाहर की शिवसेना में अंतर महाराष्ट्र के लोग अच्छी तरह जानते-पहचानते हैं।




किसी भी विषम परिस्थिति में जुझारू शिव सैनिक बारिश आ गर्मी की परवाह किए बिना सड़क पर उतरते हैं और एयरकंडीशंड कमरों के बजाए सड़क पर संघर्ष करते रहे हैं। शिवसेना के इसी चरित्र को फिर से जीवित करने के लिए उद्धव के पुत्र आदित्य ठाकरे जनता के बीच उतरे हैं और उन्होंने राज्य भर में लोगों से शिव संवाद शुरू करने का कार्यक्रम बनाया है। इस बार के शिव संवाद का नजारा बदला हुआ है। हालांकि 2019 में भी आदित्य ठाकरे ने ऐसा एक अभियान किया था लेकिन उस समय आदित्य ठाकरे को देवेंद्र फडणवीस के मातहत डिप्टी सीएम के तौर पर तैयार किया जा रहा था और सारा कामकाज पीआर एजेंसियों ने संभाल रखा था, जिसमें शिवसैनिकों को पीछे की कतार में धकेल दिया गया था। उससे बहुत अच्छी छवि और प्रभाव जनता के बीच नहीं गया था। लेकिन इस बार सारी कमान शिवसैनिकों के हाथ में है और वही शिव संवाद का प्रबंधन कर रहे हैं। शिवसेना विपक्ष के तौर पर हमेशा बहुत प्रभावी रही है। सत्ता से सड़क पर संघर्ष करने में शिवसेना माहिर है। हालांकि महा विकास अघाड़ी सरकार के मुख्यमंत्री के तौर पर उद्धव ठाकरे की काफी सराहना हुई है, लेकिन विपक्ष के तौर पर स्थितियां एकदम विपरीत हैं। वैसे तो भाजपा नेता भी मानते हैं कि ठाकरे और शिवसेना एक दूसरे के पर्याय हैं।

## निशंक की गिनती राजनेताओं में कम व साहित्यकारों में अधिक होती

# तीन बार मौत को जीतने वाले सरस्वती पुत्र निशंक !

(लेखक- डॉ श्रीगोपाल नारसन )

**देश** के शिक्षा मंत्री और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री रहे डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक की गिनती राजनेताओं में कम व साहित्यकारों में अधिक होती है।वे विपक्षी नेताओं से बेवजह की दूरी भी बनाकर नही रखते। उनके लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत बड़े भाई है तो मुझ जैसे साधारण लेखक को वे अपना छोटा भाई मानते है। चाहे पद पर हो या फिर पद से परे,लेकिन वे अपनो से सवांद जारी रखते है।दुःख सुख में भागीदार बनते है।अपनी सुनाते है तो दूसरों की सुनते भी है।सम्बन्धों में उनके विचारधारा कभी आड़े नही आती।जिसके पीछे उनका संवेदनशील होना काम करता है।यह सच है राजनीति एक काजल की कोठरी जैसी है जिसमे बेदाग रहना बेहद कठिन है।परन्तु सरस्वती पुत्र के रूप में उस कालिख को भी धोया जा सकता है जो जाने अनजाने राजनीति में अनायास आ जाती है।मैं कह सकता हूं कि अगर डॉ निशंक का आंकलन हिंदी सेवा,साहित्यिक अवदान, सृजन शीलता के लिए किया जाए तो उन्होंने बहुतों को पीछे छोड़ दिया है।उनकी उपलब्धियों में सबसे बड़ी उपलब्धि उनका साधारण होना है।डॉ रमेश पोखरियाल निशंक का बचपन अत्यंत गरीबी में बीता। उत्तराखंड में पौड़ी गढ़वाल जिले के पिनानी गांव में जन्मे निशंक की प्राथमिक शिक्षा में ही हुई।मेहनतकस पिता एक मामूली कर्मचारी थे,तो मां पर्वतीय मूल की उन संघर्षों में रची बसी महिला थी जिसे घर के कामकाज से लेकर मवेशियों के लिए चारा लाने तक की जिम्मेदारी निभानी पड़ती थी।निशंक मां के कामो में हाथ बटाते थे।घर मे कच्चे फर्श पर गोबरी लीपने से लेकर जंगल से मां के साथ जाकर घास लाने का जिम्मा निशंक ने बखूबी निभाया। वही प्रतिदिन लगभग 15 किमी पैदल पहाड़ी रास्ता तय करके स्कूल जाना उनकी दिनचर्या में शामिल था। इस दौरान दो बार उनका मौत से सामना भी हुआ। एक बार वे पहाड़ी नदी में बह गए थे ,जिसपर कुछ महिलाओं की मदद से उन्हें नदी से निकाला गया। दूसरी बार सर्दियों में स्कूल जाते हुए अचानक सामने बाघ आ गया।बाघ सामने देख उन्होंने ने अपनी मृत्यु निश्चित मान ली थी और डर के मारे चुपचाप खड़े रहे। पांच मिनट बाद बाघ खुद ही जंगल की ओर चला गया।इसी तरह बीते कोविड प्रकोप में डॉ निशंक मौत को हराकर ही फिर से उठ खड़े हुए है।इसे एक चमत्कार या फिर परमात्मा की कृपा कहे तो गलत नही होगा।

डॉ निशंक ने पढ़ाई के बाद एक शिशु मंदिर में शिक्षण कार्य किया और साहित्यिक गतिविधियों में भी सक्रिय बने रहे। जिस समय डॉ. शंकर दयाल शर्मा देश के उप राष्ट्रपति थे, उस समय उन्होंने निशंक की पहली पुस्तक 'समर्पण' का लोकार्पण किया था।रमेश पोखरियाल नाम के साथ %निशंक% उपनाम कोटद्वार की साहित्यांचल संस्था ने वर्ष 1990 में दिया था। निशंक ने पत्रकारिता की शुरुआत मेरी ही तरह %दैनिक जागरण% से की थी।उन्होंने कोटद्वार में हिमालयी सरोकारों पर आधारित पत्रिका %नव राह व नव चेतना% प्रकाशित कराई और फिर सन 1986 में सीमांत वार्ता समाचार पत्र का प्रकाशन आरंभ किया।सन 1990 में अटल बिहारी वाजपेयी की नज़र निशंक पर पड़ी तो उन्होंने कर्णप्रयाग विधानसभा सीट से उन्हें चुनाव मैदान में उतार दिया।उनके सामने उनके मामा उस समय के दिग्गज कांग्रेस नेता डॉ. शिवानंद नौटियाल थे , परिवार नही चाहता था कि वे शिवानन्द नौटियाल के विरुद्ध चुनाव मैदान में उतरे,लेकिन बाद में इस आश्वासन पर कि चुनाव में शिवानन्द जी के खिलाफ एक शब्द नही बोलेंगे, उन्हें मामा के विरुद्ध चुनाव लड़ने की अनुमति मिली और निशंक ने शिवानन्द जी को हराकर पहली जीत दर्ज की।वे पहले उत्तर प्रदेश और फिर उत्तराखंड विधानसभा के कई सदस्य रहे। सन 1997 व सन 1999 में उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री, सन 2000 में अलग राज्य बनने के बाद उत्तराखंड की अंतरिम सरकार में कैबिनेट मंत्री और फिर सन 2007 में भी उत्तराखंड सरकार में कैबिनेट मंत्री बने।

क्रांति समय
शुक्रवार 26-अगस्त-2022

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1



## भारत पांच साल में 23.7 गीगावॉट पवन ऊर्जा क्षमता जोड़ सकता है: रिपोर्ट

**नई दिल्ली ।** भारत अगले पांच साल में अपनी पवन ऊर्जा क्षमता में 23.7 गीगावॉट की बढ़ोतरी कर सकता है। ग्लोबल विंड एनर्जी काउंसिल (जीडब्ल्यूईसी) और एमईसी इंटेलिजेंस (एमईसी) ने एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया। एक बयान के अनुसार ऊर्जा बदलाव को बढ़ावा देने के लिए पवन विकास को नया रूप देना, भारतीय पवन ऊर्जा बाजार परिदृश्य-2026 शीर्षक वाली इस रिपोर्ट के तीसरे वार्षिक संस्करण में पवन ऊर्जा के विकास पर रोशनी डाली गई है। ऊर्जा परिदृश्य के मुताबिक देश में अगले पांच साल के दौरान पवन ऊर्जा की 23.7 गीगावॉट क्षमता बढ़ सकती है। हालांकि, इसके लिए अनुकूल नीतियां, सुविधाजनक साधन और सही संस्थागत हस्तक्षेप आवश्यक हैं। जीडब्ल्यूईसी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बेन बैकवेल ने कहा कि महामारी के कारण ऊर्जा बदलाव में पहले ही देरी हो चुकी है और भारत को इन अवसरों का तेजी से लाभ उठाना चाहिए। जीडब्ल्यूईसी इंडिया के चेयरमैन सुमंत सिन्हा ने कहा कि स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने की पहल सफल होनी जरूरी है, ताकि हमारी आने वाली पीढ़ियां आसानी से सांस ले सकें और एक साफ-सुथरे ग्रह में रह सकें।

## देश में 2023 में 4.7 अरब डॉलर पहुंच सकता है एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर पर खर्च

**नई दिल्ली ।** भारत में एंटरप्राइज एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर पर खर्च 2023 में 14.9 प्रतिशत बढ़कर 4.7 अरब डॉलर पर पहुंचने की उम्मीद है। अनुसंधान कंपनी गार्टनर की एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ग्राहक अनुभव और संबंध प्रबंधन पर ज्यादातर खर्च होने की उम्मीद है। गार्टनर के मुताबिक इस साल खर्च 14.6 प्रतिशत बढ़कर 4.15 अरब डॉलर होने की संभावना है। गार्टनर की उपाध्यक्ष विश्लेषक नेहा गुप्ता ने रिपोर्ट में कहा कि डिजिटल बदलाव एजेंडा से प्रेरित भारतीय उपक्रम अपने व्यापक सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) खर्च में सॉफ्टवेयर खर्च की हिस्सेदारी का विस्तार करना जारी रखेंगे। हालांकि, सॉफ्टवेयर खर्च में वृद्धि 2021 की तुलना में 2022 में कम होगी। गुप्ता ने कहा कि अस्थिर मौजूदा वैश्विक आर्थिक स्थिति ने कारोबार में अनिश्चितता को बढ़ा दिया है। संगठन नई लंबी अवधि की चुनिंदा परियोजनाओं को रोकेंगे और उच्च लागत वाली परियोजनाओं के दायरे को घटाएंगे।

## भारती टेलीकॉम 12,895 करोड़ में सिंगटेल से हिस्सेदारी खरीदेगी




**नई दिल्ली ।** भारती एयरटेल की प्रवर्तक भारती टेलीकॉम 2.25 अरब सिंगापुर डॉलर या लगभग 12,895 करोड़ रुपए में सिंगटेल से कंपनी की 3.33 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेंगी। दूरसंचार परिचालक ने कहा कि यह सौदा 90 दिनों में पूरा होगा। भारती टेलीकॉम (बीटीएल) का स्वामित्व भारती समूह के चेयरमैन सुनील भारती मित्तल के परिवार और सिंगटेल के पास है। भारती एयरटेल ने शेयर बाजार को बताया कि सिंगटेल और उसके सहयोगियों ने लगभग 2.25 अरब सिंगापुर डॉलर की कुल राशि में लगभग 3.33 प्रतिशत शेयर बीटीएल को हस्तांतरित करने के लिए एक समझौता किया है। इसके बाद एयरटेल में सिंगटेल और भारती की प्रत्यक्ष हिस्सेदारी क्रमशः लगभग 10 प्रतिशत और छह प्रतिशत हो जाएगी। कंपनी ने बताया कि भारती और सिंगटेल ने एयरटेल में अपनी हिस्सेदारी बराबर करने की दिशा में काम करने पर सहमति जताई है।

# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

**मुंबई ।**

मुम्बई शेयर बाजार गुरुवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। बाजार में यह गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी होने से आई है। सुबह बाजार की अच्छी शुरुआत रही पर बंद होने के आधे घंटे पहले आईटी और बैंक शेयरों में हुई भारी बिकवाली से बाजार नीचे आया।

दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 310.71 अंक करीब 0.53 फीसदी की गिरावट के साथ ही 58,774.72 अंक पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 82.50 अंक तकरीबन 0.47 फीसदी नीचे आकर 17,522.45 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में बजाज फाइनेंस, इंडसइंड बैंक, इन्फोसिस, टाटा कसंल्टेंसी सर्विसेज, एक्सिस बैंक, पावरग्रिड, एनटीपीसी, लार्सन एंड टुब्रो और एचडीएफसी के शेयर नुकसान के साथ ही नीचे आये जबकि दूसरी ओर मारुति सुजुकी, भारतीय स्टेट बैंक, डॉ. रेड्डीज तथा टाइटन के शेयर बढ़त के साथ ही लाभ में रहे। एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, हांगकांग का हैंगसेंग और चीन का शंघाई कंपोजिट लाभ में रहा। वहीं दूसरी ओर यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में बढ़त रही। अमेरिकी बाजार भी उछाल के साथ ही बंद हुआ। इसी बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.17 फीसदी ऊपर आकर 101.3 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।



## क्रिप्टोकरेंसी बाजार में तेजी, एफयू में 2,500 प्रतिशत बढ़ोतरी



**नई दिल्ली ।** क्रिप्टोकरेंसी बाजार में गुरुवार को लगातार दूसरे दिन उछाल देखने को मिला है। हालांकि कल मामूली उछाल था। ग्लोबल क्रिप्टोकरेंसी मार्केट कैप 1.67 फीसदी बढ़त के साथ 1.03 ट्रिलियन डॉलर हो गया है। बिटकॉइन और इथेरियम समेत लगभग सभी बड़ी क्रिप्टोकरेंसीज़ में बढ़त देखने को मिली है। बिटकॉइन 0.99 फीसदी की तेजी के साथ 21,476.11 डॉलर पर कारोबार कर रहा था। पिछले 7 दिनों में यह कॉइन 8.40 फीसदी गिरा है। दूसरे सबसे बड़े कॉइन इथेरियम का प्राइस पिछले 24 घंटों में 3.42 प्रतिशत बढ़कर 1,669.94 डॉलर पर पहुंच गया है तो ईथर में 9.68 फीसदी की गिरावट आई है। क्रिप्टोकरेंसी बाजार में आज बिटकॉइन का प्रभुत्व 39.7 प्रतिशत है तो इथेरियम का 19.7 फीसदी है। बिटकॉइन का मार्केट कैप 410.86 बिलियन डॉलर है जबकि इथेरियम 203.9 बिलियन डॉलर को छूने के करीब है।



## कच्चा तेल फिर से 100 डॉलर प्रति बैरल, पेट्रोल-डीजल स्थिर

**नई दिल्ली ।** रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से क्रूड ऑयल की कीमतों में तेजी बनी हुई है. कुछ दिन पहले ही ब्रेंट क्रूड ऑयल 100 डॉलर के नीचे आ गया था। इस वजह से उम्मीद जगी थी कि तेल सस्ता हो सकता है। अब कच्चा तेल फिर से 100 डॉलर प्रति बैरल के पार चला गया है। लिहाजा पेट्रोल-डीजल के सस्ता होने की उम्मीद अभी नहीं दिख रही है। इस बीच सरकारी तेल कंपनियों ने गुरुवार को पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। देश के चारों महानगरों में तेल की कीमतें 6 अप्रैल के बाद से ही नहीं बढ़ाई गई हैं। हालांकि, केंद्र की ओर से उत्पाद शुल्क में कटौती के बाद मई में पेट्रोल 9 रुपए और डीजल 7 रुपए तक सस्ता हो गया था। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 96.92 रुपए और डीजल 90.08 रुपए प्रति लीटर है। लखनऊ में पेट्रोल 96.57 रुपए और डीजल 89.76 रुपए प्रति लीटर है। पटना में पेट्रोल 107.59 रुपए और डीजल 94.36 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पोर्टब्लेयर में पेट्रोल 84.10 रुपए और डीजल 79.74 रुपए प्रति लीटर है।

# डिजायर टूर एस मॉडल को किया रिकॉल

### कुल 166 गाड़ियों के सेफ्टी फीचर में दोष पाया गया




**नई दिल्ली । (एजेंसी)**

मारुति डिजायर टूर एस मॉडल को रिकॉल कर रही है। इस रिकॉल के तहत कंपनी के 6 अगस्त 2022 से 16 अगस्त 2022 के बीच बनने वाली कुल 166 डिजायर टूर गाड़ियों के सेफ्टी फीचर में दोष पाया गया है। इसकी जानकारी कंपनी ने अपने रेगुलेटरी फाइलिंग में दी है। इसके एयरबैग कंट्रोल यूनिट में खराबी की खबर है, जिसकी वजह से इन गाड़ियों में एयरबैग कंट्रोल यूनिट को बदलने के लिए रिकॉल किया जा रहा है। कंपनी प्रभावित हुए मॉडल्स में मुफ्त में इसे बदलेगी। कंपनी के मुताबिक, यह संदेह है कि एयरबैग कंट्रोल यूनिट में एक संभावित दोष है, जिसके कारण कुछ स्थिति में इसके काम करने के दौरान खराबी हो सकती है। संदिग्ध वाहनों के ग्राहकों को सलाह दी जाती है कि जब तक एयरबैग कंट्रोल यूनिट को बदल नहीं दिया जाता तब तक वे वाहन का उपयोग न करें।रिकॉल में शामिल हुए मॉडल्स में कहीं आपकी गाड़ी भी तो शामिल नहीं है, इस बात की जानकारी के लिए ग्राहक कंपनी की वेबसाइट पर जाकर पता लगा सकते हैं। साइट पर जाने के बाद कार मालिक को 'इम्प कस्टमर इंफो' सेक्शन पर जना होगा। यहां पर अपनी गाड़ी का चेसिस नंबर भरकर जांच सकते हैं कि क्या उनके वाहन को को भी इस रिकॉल में रखा गया है या नहीं। रिकॉल के अलावा अगर मारुति के अपकमिंग मॉडल पर ध्यान दें तो कंपनी अगले महीने अपनी नई ग्रैंड विटारा की लॉन्चिंग की तैयारियों में लगी हुई है। यह एक स्ट्रांग हाइब्रिड पावरट्रेन के साथ आने वाला मॉडल है, जिसमें आपको 1 .5-लीटर पेट्रोल इंजन देखने को मिलता है। फिलहाल कंपनी ने इसकी बुकिंग शुरू कर दी है और अब तक इसे 40,000 से ज्यादा लोगों ने बुक भी कर लिया है।बता दें कि चेसिस नंबर गाड़ी की आईडी प्लेट पर एमए3 के बाद 14-अंकीय अल्फ़ान्यूमेरिक नंबर होता है जो आईडी प्लेट पर और गाड़ी के रजिस्ट्रेशन दस्तावेजों में दिया होता है।

# रोडस्टर की 30 यूनिट्स और कूप की 24 यूनिट्स ही बनेगी

### -कंपनी का दावा-बुलेट ट्रेन से भी फास्ट है कार की स्पीड

**नई दिल्ली ।(एजेंसी)**

जानीमानी कार निर्माता कंपनी हेनेसी ने पहले वेनॉम एफ5 हाइपरकार को लॉन्च किया था। अब हेनेस ने इसके नए रोडस्टर वेरिएंट से पर्दा उठाया है। इस सुपर फास्ट कार का नाम 'हेनेसी एफ5 रोडस्टर' है। कंपनी रोडस्टर की केवल 30 यूनिट्स और कूप की 24 यूनिट्स ही बनाएगी। वैसे तो दोनों कारें लगभग एक ही जैसी है, लेकिन दोनों एक ही अंतर है कि कूप में रिमूवेबल छट दी गई है। जिसे सुविधा की हिसाब से हटाया जा सकता है। हेनेसी को इसे हटाने योग्य पैनल बनाने के लिए छत को फिर से इंजीनियर करना पड़ा। वजन कम रखने के लिए सिंगल-पीस रूफ कार्बन फाइबर से बना है। इस वजह से छत के पैनल का वजन सिर्फ 8 किलोग्राम है। हेनेसी का कहना है कि एक अकेला व्यक्ति भी छत को हटा सकता है और फिर से लगा सकता है। प्रीमियम फील रखने के लिए छत को अलकेन्टारा के साथ रखी गई है। इसके अलावा, छत भी वेदरप्रूफ है इसलिए खरीदार इसे फिट कर सकता है और बारिश में एफ5 रोडस्टर का उपयोग कर सकता है। इस कार की स्पीड इतनी है कि यह महज तीन घंटे में दिल्ली से मुंबई दूरी तय कर सकती है। दिल्ली से मुंबई की दूरी करीब 1400 किलोमीटर है। कंपनी का दावा है कि इस कार की टॉप स्पीड 480 किमी प्रति घंटा है। इसके 54 डिग्री सेल्सियस के तापमान पर एयरोडायनामिक फोर्स का सामना करने के लिए बनाया गया है।



इंजन की बात करें तो हेनेसे ने इसे 'फ्राय' कहा है और यह जनरल मोटर्स एलएस वी8 पर बेस्ड है।ग्राहक मेरिनो वूल ट्रैवल बैग या कस्टम-मेड स्टैंडअलोन स्कल्पचरल पेडस्टल का विकल्प चुन सकते हैं, जिसे हेनेसी की इन-हाउस टीम द्वारा डिजाइन किया गया है। सीट कार्बन फाइबर से बनी है, जो एक अच्छा टच देते हैं। छत के अलावा, हेनेसी ने एक टेम्पर्ड ग्लास विंडो दी है, जिसके माध्यम से इंजन दिखाई देता है।

## आठ साल के प्रणालीगत सुधारों ने भारत की आर्थिक स्थिरता बढ़ाई: एमपीसी सदस्य

**नई दिल्ली ।** मोदी सरकार के तहत पिछले आठ वर्षों में हुए प्रणालीगत आर्थिक सुधारों ने भारत की व्यापक आर्थिक स्थिरता को बढ़ाया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सदस्य आशिमा गोयल ने कहा कि इन सुधारों से किसी भी बाहरी झटके को झेलने की क्षमता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि आपूर्ति-पक्ष में लगातार सुधार के साथ उचित व्यापक आर्थिक नीति ने वृद्धि में योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के आने से ठीक पहले देश वैश्विक वित्तीय संकट के बाद गंभीर व्यापक आर्थिक अस्थिरता का सामना कर रहा था। आठ साल के प्रणालीगत सुधारों के बाद अर्थव्यवस्था में व्यापक आर्थिक स्थिरता है, एक स्वस्थ वित्तीय क्षेत्र है और खाद्य सुरक्षा कायम है। सरकार और उद्योग ने साथ मिलकर काम करना सीख लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 मई 2014 को पदभार संभाला था। उन्होंने 30 मई 2019 को अपने दूसरे कार्यकाल के लिए पद की शपथ ली। गोयल कहा कि कई विषयों पर भारत के आधिकारिक आंकड़ों की विश्वसनीयता को लेकर की जाने वाली आलोचनाएं गलत हैं।

# आरआरपीआर में एनडीटीवी प्रवर्तकों की हिस्सेदारी लेने सेबी की मंजूरी जरूरी

**नई दिल्ली ।(एजेंसी)**

अडाणी समूह की फर्म विश्वप्रधान कमर्शियल प्राइवेट लिमिटेड (वीसीपीएल) के लिए एनडीटीवी की प्रवर्तक इकाई आरआरपीआर लिमिटेड में हिस्सेदारी का अधिग्रहण करने के लिए बाजार नियामक सेबी की मंजूरी जरूरी है। एनडीटीवी द्वारा शेयर बाजार को दी गई एक जानकारी में यह बात कही गई। वीसीपीएल द्वारा आरआरपीएल को बिना ब्याज के दिए गए ऋण के बदले यह अधिग्रहण किया जाना है। शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा गया है` कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने 27 नवंबर 2020 को संस्थापक-प्रवर्तकों प्रणय और राधिका रॉय को प्रतिभूति बाजार में जाने से रोक दिया था, और आगे दो साल के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रतिभूतियों की खरीद, बिक्री, या अन्यथा लेनदेन पर रोक लगा दी थी। एनडीटीवी ने बताया कि यह प्रतिबंध 26 नवंबर 2022 को खत्म हो रहा है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि जब तक लंबित अपील कार्यवाही को सफलतापूर्वक पूरा नहीं किया जाता है, प्रस्तावित अधिग्रहणकर्ता के लिए प्रवर्तक समूह के 99.5 प्रतिशत हितों को हासिल करने के लिए सेबी की मंजूरी जरूरी है। अडाणी समूह ने पिछले दिनों कहा था कि उसने एनडीटीवी में 29.18 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल कर ली है और वह अतिरिक्त 26 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने के लिए एक खुली पेशकश शुरू करेगा।




## सेबी ने गोल्ड ट्री और उसके मालिक पर पर छह महीने का प्रतिबंध लगाया

**नई दिल्ली । (एजेंसी)**

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने गोल्ड ट्री और उसके मालिक सर्वेश कुमार पर प्रतिभूति बाजार में लेन-देन पर छह महीने के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। यह पाबंदी सेबी की मंजूरी के बिना परामर्श और पोर्टफोलियो प्रबंधक सेवाएं देने के लिए लगाई गई है। सेबी को नवंबर, 2018 में शिकायत मिली थी कि गोल्ड ट्री के मालिक कुमार की पोर्टफोलियो प्रबंधन सेवा योजना में निवेश करके शिकायतकर्ता ने पैसा गंवा दिया। सेबी ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच की और पाया कि गोल्ड ट्री और कुमार बिना पंजीकरण के निवेश सलाहकार और पोर्टफोलियो प्रबंधन सेवाएं (पीएमएस) दे रहे हैं। इसको लेकर 18 अगस्त, 2021 को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। नियामक ने आदेश में कहा कि सेबी से पंजीकरण प्रमाण पत्र प्राप्त किए बिना कुमार निवेश सलाहकार और पोर्टफोलियो प्रबंधक के रूप में सेवाएं दे रहे थे। यह निवेश सलाहकार नियमों और पीएमएस मानदंडों का उल्लंघन है। सेबी ने कहा कि प्रथम दृष्ट्या उन्होंने 1.73 करोड़ रुपए प्राप्त किए थे। नियामक ने शुल्क के रूप में प्राप्त धन को तीन महीने के भीतर वापस करने का निर्देश दिया। साथ ही प्रतिभूति बाजार से किसी भी प्रकार के लेन-देन को लेकर छह महीने के लिए प्रतिबंध लगा दिया है।




## 28 लाख में नीलाम हुआ फर्स्ट जनरेशन का अनसील आईफोन

### - 70 से अधिक आइटम्स की लगी बोली



**नई दिल्ली । (एजेंसी)**

फर्स्ट जनरेशन का अनसील आईफोन अमेरिका में हुई एक नीलामी में 35,000 डॉलर (लगभग 28 लाख) में बिका है। 9 जनवरी 2007 को तत्कालीन ऐपल के सीईओ स्टीव जॉब्स ने सैन फ्रांसिस्को में मैकवर्ल्ड सम्मेलन में आईफोन का अनावरण किया था। फोन आईपॉड, कैमरा और वेब-ब्राउजिग कैपेबलिटी के साथ एक टचस्क्रीन जैसे फीचर्स से लैस है। डिवाइस में टचस्क्रीन, एक 2एमपी कैमरा, विजुअल वॉइसमेल और एक वेब ब्राउजर दिया गया है। आईफोन को यूएस में जून 2007 में पेश किया गया था। फोन के 4जीबी मॉडल की कीमत 499 डॉलर और 8जीबी मॉडल 599 डॉलर की कीमत पर जारी किया गया था। एक रिपोर्ट के मुताबिक अब पूरी तरह से पैक किया गया ऑरिजिनल आईफोन 8 जीबी एक नीलामी में 35,414 डॉलर में बेचा गया है। ऑक्शन हाउस आरआर ने कहा कि आईफोन बॉक्स में स्क्रीन पर 12 आइकन के साथ आईफोन की एक तस्वीर छपी है। आरआर नीलामी की क्यूरेटेड ऐपल, जॉब्स, और कंप्यूटर हार्डवेयर नीलामी में डिवाइस नीलामी के लिए तैयार था। इस ऑक्शन में 70 से अधिक आइटम की बोली लगाई गई थी।

नीलामी में एप्पल-1 सर्किट बोर्ड भी देखा गया था, जिसे 677,196 डॉलर में बेचा गया था। इसके अतिरिक्त फर्स्ट जनरेशन के ऑरिजिनल एप्पल आईपेड 5जीबी को 25,000 डॉलर में बेचा गया।

## 1 सितंबर से यमुना एक्सप्रेस्वे पर सफर करना होगा महंगा

### - यमुना अथॉरिटी बोर्ड की 74वीं बैठक में टोल प्लाजा पर लगने वाले टोल टैक्स बढ़ाने के फैसले पर लगी मुहर




**नई दिल्ली । (एजेंसी)** यमुना एक्सप्रेस्वे पर सफर करना अब महंगा होने जा रहा है क्योंकि सरकार ने आगरा को देश की राजधानी नई दिल्ली से जोड़ने वाले यमुना एक्सप्रेस्वे पर लगने वाले टोल टैक्स को बढ़ाने का फैसला लिया है। यमुना अथॉरिटी बोर्ड की 74वीं बैठक में टोल प्लाजा पर लगने वाले टोल टैक्स में बढ़ोत्तरी के फैसले पर मुहर लगा दी गई है। टोल टैक्स में 10 पैसे से लेकर 1 रुपए 55 पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोत्तरी की गई है दरअसल उत्तर प्रदेश सरकार के अधीन यमुना प्राधिकरण की तरफ से एक्सप्रेसवे पर टोल रेट में दो साल बाद इजाफा किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि टोल की नई दरें 1 सितंबर से लागू हो जाएंगी। गौरतलब है कि यमुना एक्सप्रेस्वे की टोल दरों में आखिरी बार 2021 में वृद्धि की गई थी। प्राधिकरण के बयान के अनुसार कार, जीप और हल्के मोटर वैन की दरों में 2.50 रुपए प्रति किलोमीटर से बढ़ाकर 2.65 रुपए प्रति किलोमीटर की गई है, जबकि हल्के व्यवसायिक वाहन, हल्के माल या मिनी बस की दर 3.90 रुपए प्रति किलोमीटर से बढ़ाकर 4.15 रुपए प्रति किलोमीटर, बस या ट्रक की दर 7.90 रुपए प्रति किलोमीटर से बढ़ाकर 8.45 रुपए प्रति किलोमीटर की गई है। वहीं बस या ट्रक के लिए टोल की दर 7.90 रुपए प्रति किलोमीटर से बढ़ाकर 8.45 रुपए प्रति किलोमीटर कर दी गई है। बैठक में कहा गया कि कोर्ट के निर्देशों के मुताबिक एक्सप्रेसवे पर सेफ्टी से जुड़े 22 काम होने थे। एक्सप्रेस्वे पर हो रहे हादसों को रोकने के लिए 130 करोड़ रुपए का खर्च आया है, जिसको वहन करने के लिए टोल टैक्स में वृद्धि जरूरी हो गई है।



## न्यूजीलैंड 'ए' के खिलाफ सीरीज में भारत 'ए' की कप्तानी करेंगे प्रियांक

**मुम्बई ।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की चयन समिति ने बल्लेबाज प्रियांक पांचाल को न्यूजीलैंड 'ए' के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की सीरीज के लिए भारत 'ए' का कप्तान बनाया है। चयनसमिति ने इसी माह के अंत में शुरु हो रही इस चार दिवसीय सीरीज के लिए 16 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। इस 16 सदस्यीय टीम में प्रियांक के अलावा बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़, चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव और तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को भी शामिल किया गया है। कुलदीप ने हाल में हुए जिम्बाब्वे दौरे में 3 मैचों में कुल 3 विकेट लिए थे। इस दौरे के लिए युवा तेज गेंदबाज उमरान मलिक को भी टीम में जगह मिली है। इसके अलावा चयनकर्ताओं ने घरेलू सत्र में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों , अभिमन्यु ईश्वरन, रजत पाटीदार और सरफराज खान के अलावा उभरते हुए युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा, मध्यम गति के गेंदबाज मुकेश कुमार और यश दयाल को भी टीम में जगह दी है। भारत ओर न्यूजीलैंड 'ए' के बीच होने वाली यह सीरीज बेंगलुरु , हुबली और. चेन्नई में खेली जाएगी।



# यूएई लीग में होंगे 24 घरेलू खिलाड़ी, 6 टीमों से जुड़ेंगे, सहयोगी देशों से भी आई एंट्री

**दुबई ।**

यूएई के इंटरनेशनल लीग टी20 (आईएलटी20) के उद्घाटन रोस्टर में 84 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं, जिनमें से 72 आईसीसी पूर्ण सदस्य देशों से हैं जबकि बाकी 12 खिलाड़ी 7 आईसीसी सहयोगी देशों से हैं। रोस्टर में यूएई के 24 क्रिकेटरों को 6 टीमों के साथ जोड़ा जाएगा।

**इन दिनों से आएंगे खिलाड़ी**

अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, आयरलैंड, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, जिम्बाब्वे और वेस्टइंडीज के अलावा बारबाडोस, ग्रेनाडा, गुयाना, जमैका और त्रिनिदाद के खिलाड़ी भी इस लीग में खेलेंगे। इटली, नामीबिया, नेपाल, नीदरलैंड, ओमान, स्कॉटलैंड, यूएसए और यूएई सहयोगी देशों के खिलाड़ी भी इसमें दिखेंगे।

**ऐसी होगी टीम**

प्रत्येक टीम में 18 खिलाड़ी शामिल होंगे, जिसमें चार यूएई खिलाड़ी और आईसीसी सहयोगी देशों के दो अन्य खिलाड़ी शामिल होंगे।

**यह टीमें लेंगी हिस्सा**

अबू धाबी नाइट राइडर्स (नाइट राइडर्स ग्रुप), डेजर्ट वाइपर्स (लांसर कैपिटल), दुबई कैपिटल्स (जीएमआर), गल्फ जायंट्स (अडानी स्पोर्ट्र्सलाइन), एमआई अमीरात (रिलायंस इंडस्ट्रीज) और शारजाह वारियर्स (कैपरी ग्लोबल) शामिल हैं।

**बीबीएल और बीपीएल से सीधा मुकाबला**

इस टी-20 लीग का सीधा मुकाबला दक्षिण अफ्रीका की टी-20 लीग से होगा, जो अगले साल से शुरू होने वाली है। दोनों लीग उस समय संचालित होंगी जब ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग (बीबीएल) और बांग्लादेश की बांग्लादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) होगी।

**इस चैनल पर दिखेगा**

टूर्नामेंट का सीधा प्रसारण जी के लीनियर टेलीविजन के साथ-साथ डिजिटल स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म जी जैड पर किया जाएगा।




# अर्जुन और कपिला विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**टोक्यो ।**

भारत के ध्रुव कपिला और एमआर अर्जुन की युगल जोड़ी शानदार प्रदर्शन के साथ ही विश्व बैडमिंटन चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गयी है। कपिला और अर्जुन ने टैरी ही और लोह कीन हीन को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनायी। इस भारतीय जोड़ी ने तकरीबन एक घंटे तक चले मुकाबले में 18-21, 21-15 और 21-16 से जीत हासिल की। अब क्वार्टर फाइनल में इस जोड़ी का मुकाबला इंडोनेशिया के मोहम्मद असान और हेंड्रा सेतियावान की जोड़ी से होगा। इससे पहले कपिला और अर्जुन ने दूसरे दौर में आठवीं वरीयता प्राप्त डेनमार्क के किम एस्ट्रूप और एंडर्स स्कारूप रासमुसेन को हराया था।



## भारत के पास है पाकिस्तान समेत एशिया कप में सभी टीमों को हराने की क्षमता : स्कॉट स्टायरिस

**नई दिल्ली :** न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर स्कॉट स्टायरिस का मानना है कि भारत के पास आगामी एशिया कप में चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान सहित हर टीम को हराने की क्षमता है। इस साल एशिया कप टी-20 प्रारूप में होना है। भारत पिछले टी-20 प्रारूप का विजेता है। इसी बीच स्टायरिस ने कहा- पिछले साल पुरुष टी-20 विश्व कप की शुरुआत में भारत को पाकिस्तान और न्यूजीलैंड से कड़ी चुनौती मिली थी। लेकिन जैसे कि हम जानते हैं कि भारत के पास अब मजबूत टी 20 लीग है। मुझे लगता है कि अब उनके पास संपूर्ण क्रिकेट की शैली और ब्रांड खेलने की क्षमता है जो खिलाडियों के लिए सबसे उपयुक्त होती है। न्यूजीलैंड के पूर्व ऑलराऊंडर ने कहा- पिछले साल के टी-20 विश्व कप के बाद से टीम इंडिया ने जबरदस्त वापसी की है। अब भारत की कमान रोहित शर्मा के हाथ में है जबकि कोच के रूप में राहुल द्रविड़ मौजूद हैं। आक्रामक दृष्टिकोण के कारण हम टीम इंडिया के भाग्य का पुनरुद्धार होते देख रहे हैं। अगर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हुई टी-20 को छोड़ दिया जाए तो भारत ने पिछली सात द्विपक्षीय टी-20 सीरीज में से छह में जीत हासिल की है। स्टायरिस बोले- मैं इस एशिया कप में भारत को ऐसा करते देखना चाहता हूं। मैं चाहता हूं कि वे खुद को दूसरी टीमों पर थोपें और उनमें ऐसा करने की क्षमता है। मुझे लगता है कि उनमें इस एशिया कप के दौरान पाकिस्तान सहित सभी को हराने की क्षमता है। मुझे लगता है कि पाकिस्तान ने चीजों को थोड़ा और समझ लिया है। हां, उनके पास एक महान टी 20 प्रतियोगिता है, लेकिन भारत भी ऐसा ही करता है। मुझे नहीं लगता कि यह इस मैच में एक निर्णायक क्षण या कारक होने जा रहा है।

# प्रणय विश्व बैडमिंटन चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

### दो भारतीय पुरुष युगल जोड़ियां भी जीतीं

**टोक्यो ।**

भारत के एच एस प्रणय विश्व बैडमिंटन चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गये हैं। प्रणय ने पुरुष एकल में अपने ही देश के लक्ष्य सेन को 17-21, 21-16, 21-17 से हराकर अंतिम आठ में प्रवेश किया। दोनो के बीच यह मुकाबला एक घंटे से अधिक समय तक चला। अब प्रणय का मुकाबला क्वार्टर फाइनल में चीन के झाओ जुन पेंग से होगा। वहीं पुरुष युगल में भारत के ही ध्रुव कपिला और एम आर अर्जुन के अलावा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गयी है।

एक अन्य मुकाबले में भारत की ही अनुभवी खिलाड़ी साइना नेहवाल महिला एकल प्री क्वार्टरफाइनल में थाईलैंड की बुसानन ओंगबाम्रुंगफान से हार के साथ ही बाहर हो गयीं। अनुभवी साइना को थाईलैंड की अपनी विरोधी खिलाड़ी से 17-21 21-16 13-21 से हार का सामना करना पड़ा। थाई खिलाड़ी ने शुरूआती गेम में ही 11-3 की बढ़त हासिल कर ली। इससे साइना दबाव में आ गईं। हालांकि भारतीय खिलाड़ी ने इस अंतर को कम करते हुए 17-19 कर लिया पर अंत में थाईलैंड की खिलाड़ी ने आसानी से पहला गेम जीत लिया। इसके बाद साइना को वापसी के प्रयास किये और वह ब्रेक तक 11-7 से आगे हो गई। उन्होंने आक्रामक खेलते हुए मैच निर्णायक गेम तक पहुंचा दिया। तीसरे गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ पर बुसानन ने अंत में पांच अंक की बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद थाई खिलाड़ी ने सात मैच अंक के साथ ही मुकाबला जीत लिया।

वहीं भारत के अर्जुन और कपिला की पुरुष युगल जोड़ी ने करीब एक घंटे तक चले मुकाबले के बाद सिंगापुर के टैरी ही और लोह कीन हीन को 18-21, 21-5, 21-16 से हराया। अब उनका सामना इंडोनेशिया के मोहम्मद असान और हेंड्रा सेतियावान की जोड़ी से होगा होगा। एक अन्य पुरुष युगल मुकाबले में भारत के सात्विक और चिराग की जोड़ी ने डेनमार्क के जेप्पा बे और लासे मोल्हेडे की जोड़ी को 35 मिनट में 21-12 21-10 से हराया। अब क्वार्टरफाइनल में वह जापान के ताकुरो होकी और युगो कोबायाशी की दूसरी वरीय जोड़ी से खेलेंगी।




### संक्षिप्त समाचार



## अपनी उपेक्षा से निराश हैं जैकसन

**मुम्बई ।** सौराष्ट्र की ओर से घरेलू क्रिकेट खेलने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज शेल्डन जैकसन अब तक राष्ट्रीय टीम की ओर से खेलने का अवसर नहीं मिलने से निराश हैं। जैकसन ने अपनी लगातार अनदेखी पर नाराजगी जतायी है। जैकसन के सब्र का बांध तब टूटा जब न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत 'ए' टीम में भी उन्हें जगह नहीं मिली। इस टीम की कप्तानी प्रियांक पांचाल को सौंपी गई है। टीम में युवा बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़, चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव, तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा और उमरान मलिक को भी शामिल किया गया है। पिछले कुछ समय में कई युवा क्रिकेटरों को राष्ट्रीय टीम से खेलने का अवसर मिला पर जैकसन की इस दौरान उपेक्षा हुई। अगले माह 36 साल के होने जा रहे जैकसन ने सोशल मीडिया पर अपनी पीड़ा व्यक्त की है। उन्होंने लिखा, 'मेरे पास यह भरोसा करने और सपना देखने का अधिकार है कि अगर मैंने लगातार 3 सत्र में अच्छा प्रदर्शन किया तो शायद मुझे मेरे प्रदर्शन के आधार पर टीम में जगह मिलेगी और तब मेरी उम्र को आधार नहीं माना जाएगा। मैं यह सुनते-सुनते थक गया हूं कि मैं अच्छा खिलाड़ी हूं और अच्छा प्रदर्शन करता हूं, लेकिन मेरी उम्र अधिक हो गई है। मैं 35 का हूं 75 का नहीं।' शेल्डन ने साल 2006 में लिस्ट ए क्रिकेट में डेब्यू करने के बाद से ही अब तक 67 मैचों में 8 शतक और 12 अर्धशतकों की मदद से कुल 2346 रन बनाए हैं।

## पाक ने एशिया कप में टैट की सहायता के लिए एक और गेंदबाजी कोच भेजा

**नई दिल्ली ।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने एशिया कप के लिए एक और गेंदबाजी कोच को यूएई भेजा है। पीसीबी ने कोच शॉन टैट की सहायता के लिए टीम के मुख्य गेंदबाजी कोच सकलैन मुश्ताक की सिफारिश के बाद कोच उमर राशिद को पाक टीम से जुड़ने के लिए भेजा है। राशिद इस दौरे में तेज गेंदबाज मोहम्मद हसनैन की सहायता करेंगे। हसनैन को तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी के टीम से बाहर होने के कारण भेजा गया है। पीसीबी ने कहा, ''राशिद इस दौरे में हसनैन के गेंदबाजी एक्शन पर नजर रखेंगे क्योंकि उन्हीं के मार्गदर्शन में हसनैन का एक्शन सही हुआ है। इस साल के शुरू में हसनैन के गेंदबाजी एक्शन पर सवाल उठे थे। हसनैन ने पाक की ओर से 18 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भाग लिया है। उनके नाम 17 विकेट हैं। हसनैन को दो दिन पहले ही पाक टीम में जगह मिली है। वह यूएई जाने से पहले इंग्लैंड में ओवल की तरफ से 'द हंड्रेड टूर्नामेंट' खेल रहे थे। एशिया कप 2022 के लिए पाक टीम- बाबर आजम (कप्तान), शादाब खान (उप कप्तान), आसिफ अली, फखर जमान, हैदर अली, हारिस रऊफ, इफ्तिखार अहमद, खुशदिल शाह, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), मोहम्मद वसीम जूनियर, नसीम शाह, शहनवाज धानी, उस्मान कादिर और मोहम्मद हसनैन।

# हांगकांग ने एशिया कप के लिए क्वालीफाई किया, ग्रुए ए में छठी टीम बनी

**नई दिल्ली ।**

हांगकांग ने एशिया कप क्रिकेट 2022 के मुख्य मुकाबलों के लिए क्वालीफाई कर लिया है। इसी के साथ ही हांगकांग की टीम एशिया कप में भाग लेने वाली छठी टीम बनी है। हांगकांग ने यहां हुए क्वालीफाइंग मुकाबले में यूएई को 8 विकेट से हरा दिया। यह एशिया कप क्वालीफायर्स में उसकी लगातार तीसरी जीत हैं और इससे वह छह अंक हासिल कर शीर्ष पर रही जबकि कुवैत की टीम दो मैच जीतकर चार अंक के साथ दूसरे व यूएई एक मैच जीतकर दो अंक के साथ ही अंतिम स्थान पर रही। इसी के साथ ही ग्रुप ए की तस्वीर साफ हो गयी है। अब हांगकांग ग्रुप ए में भारत और पाकिस्तान से खेलेगी। वहीं ग्रुप बी में श्रीलंका, अफगानिस्तान और बांग्लादेश की टीमें शामिल की गयी हैं। हांगकांग की टीम का पहला मुकाबला 31 अगस्त को भारत से होगा। उसके बाद उसे 2 सितंबर को पाक से खेलना है। वहीं यूएई के खिलाफ हुए क्वालीफाइंग मुकाबले में हांगकांग ने टॉस जीतकर यूएई को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। यूएई की टीम 19.3 ओवर में 147 रनों पर ही आउट हो गयी। यूएई की ओर से कप्तान सीपी रिजवान ने सबसे ज्यादा 49 रन बनाये। उन्होंने इसमें चार चौके लगाये। वहीं कप्तान के अलावा जवार फरीद ने 27 गेंदों में दो चौके और तीन छक्के लगाकर 41 रनों की आक्रामक पारी खेली। दूसरी ओर हांगकांग की तरफ से एहसान खान ने चार और आयुष शुक्ला ने तीन विकेट लिए।

इसके बाद यासीम मुर्तजा की शानदार अर्धशतकीय पारी 58 रनों से हांगकांग की टीम ने 148 रनों के लक्ष्य को 19 ओवर में दो विकेट खोकर हासिल कर लिया। उन्होंने पहले विकेट के लिए टीम के कप्तान निजाकत खान के साथ 85 रनों की साझेदारी बनायी। कप्तान निजाकत ने 39 और बाबर हयात ने 38 रनों की पारी खेली। दूसरी ओर यूएई की तरफ से जुनैद सिद्दकी और बासिल हमीद ने एक-एक विकेट लिया।



## बोल्ट , विलियमसन की न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम में वापसी

**वेलिंगटन ।**

न्यूजीलैंड के दिग्गज तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट की अगले माह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली चैपल-हैडली एकदिवसीय क्रिकेट सीरीज के लिए वापसी हुई है। बोल्ट ने हाल ही में टी20 क्रिकेट खेलने के कारण देश के क्रिकेट बोर्ड के साथ अपना अनुबंध समाप्त कर दिया था। अब बोल्ट समेत पांच तेज गेंदबाजों को न्यूजीलैंड ने 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया है। चैपल-हैडली सीरीज में तीन एकदिवसीय मैच खेले जाएंगे। वहीं चोट से उबरे मैट हेनरी की भी टीम में वापसी हुई है। इसके अलावा फिट नहीं होने के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरा और तीसरा एकदिवसीय नहीं खेल सके कप्तान केन विलियमसन की भी टीम में वापसी हुई है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चैपल-हैडली एकदिवसीय सीरीज के लिए कीवी टीम इस प्रकार हैः केन विलियमसन (कप्तान), फिन एलेन, माइकल ब्रेसवेल, ट्रेंट बोल्ट, डेवोन कोंवे, लॉकी फर्ग्युसन, मार्टिन गुप्टिल, मैट हेनरी, टॉम लाथम, डेरिल मिशेल, जिम्मी नीशाम, ग्लेन फिलिप्स, मिशेल सेंटनेर, बेन सीयर्स और टिम साउदी।

## भारतीय कोचों और खिलाड़ियों को खेल विज्ञान में और शिक्षित करने की जरूरत : मैथ्यू

**नई दिल्ली :**

बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय दल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी रहे अरूण बासिल मैथ्यू का मानना है कि भारतीय खिलाड़ियों ने उच्चतम स्तर पर खेल विज्ञान को समझने में काफी लंबा सफर तय किया है लेकिन अभी भी सुधार की गुंजाइश है। पिछले साल टोक्यो ओलंपिक में भी भारतीय टीम के साथ गए मैथ्यू ने बर्मिंघम खेलों में खिलाड़ियों की चिकित्सा जरूरतों का जिम्मा संभाला था। उन्होंने कहा, 'आजकल अधिकांश को अभ्यास, आहार, चोटों की अच्छी खासी जानकारी है। कोचों को धन्यवाद जिनकी वजह से यह संभव हो सका। मैं जरूर कहूंगा कि भारतीय खेलों में यह नई चीज है और सरकार की नीतियों और अच्छी रणनीतियों को इसका श्रेय जाता है।' उन्होंने कहा, 'अभी भी सुधार की गुंजाइश है। खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ को खेल विज्ञान में और शिक्षित करना होगा। अभ्यास का सही मॉडल, खुराक और चोटों से बचाव की रणनीति, आराम और रिहैबिलिटेशन कार्यक्रम की जानकारी देनी होगी।' उन्होंने कहा, 'सरकार को जमीनी स्तर से प्रतिभाओं को तलाशने पर और फोकस करना होगा। उन्हें खेल विज्ञान की अच्छी जानकारी देनी होगी।' उन्होंने बताया कि राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू, पैरा चक्का फेंक खिलाड़ी अनीश कुमार पिल्लई, हॉकी खिलाड़ी नवजोत कौर कोरोना पॉजिटिव पाए गए थे। उन्होंने कहा, 'सिंधू शुरू में पॉजिटिव पाई गई लेकिन उसकी सीटी वैल्यू बहुत अधिक थी यानी दूसरों को संक्रमित करने का खतरा नहीं था। बाद में उसकी रिपोर्ट नेगेटिव आई। उसे कोई लक्षण भी नहीं थे।' दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और पूर्व विश्व चैम्पियन सिंधू ने महिला एकल वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।

# हांगकांग को हल्के में नहीं लेगी भारतीय टीम

**दुबई ।**


भारतीय क्रिकेट टीम 31 अगस्त को एशिया कप में हांगकांग से खेलेगी। हांगकांग ने क्वालीफायर मुकाबला जीतकर छठी टीम के तौर पर प्रवेश हासिल किया है। हांगकांग ने जिस प्रकार तीनों क्वालीफाइंग मैच जीते हैं उससे टीम की क्षमता का अंदाज होता है। ऐसे में भारतीय टीम उसे कम आंकने की भूल नहीं करेगी। इससे पहले साल 2018 में 50 ओवर वाले एशिया कप में हांगकांग की टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया था। वहीं चार साल पहले एशिया कप 2018 के ग्रुप ए के चौथे मैच में भारतीय टीम का मुकाबला हांगकांग से हुआ था। तब हांगकांग के कप्तान अंशुमान रथ ने टॉस जीतकर भारतीय टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया था। इस मुकाबले में विराट कोहली ने नहीं खेला था हालांकि भारतीय टीम में रोहित शर्मा, शिखर धवन, महेंद्र सिंह धोनी, अंबाती रायुडू और दिनेश कार्तिक जैसे अनुभवी खिलाड़ी शामिल थे। इस मुकाबले में भारत की ओर से धवन और रोहित की जोड़ी ने पारी की शुरुआत की थी। भारतीय टीम ने निर्धारित 50 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 285 रन बनाए थे। हांगकांग के एहसान खान ने तब चार विकेट लिए थे। भारतीय टीम को इस बार भी इस गेंदबाज से सतर्क रहना होगा। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए हांगकांग ने अच्छी शुरुआत की थी। हांगकांग की ओर से कप्तान अंशुमान और निजाकत ने पहले विकेट के लिए 205 गेंदों में 174 रनों की साझेदारी निभाई थी हालांकि इसके बाद भारतीय टीम ने 26 रनों से यह मुकाबला जीत लिया था पर हांगकांग ने उसे कड़ी टक्कर देते हुए 259 रन बनाये थे।







टोक्यो में बीडब्ल्यूएफ विश्व बैडमिंटन चैम्पियनशिप में खेलती हुई स्कॉटलैंड की जूली मैकपर्सन व सियारा टोरेंस।



मौजूदा दौर में हर कोई गुस्से के मर्ज से परेशान है। कभी बॉस की फटकार से मूड खराब, तो कभी जूनियर्स के काम खराब करने पर गुस्सा और कभी प्रेमिका या पत्नी से लड़ाई। दिन भर में हम हर पल एसी स्थितियों का सामना करते हैं,जो हमारे गुस्से को भड़काने में घी का काम करती हैं।

# गुस्से को करें योग से छूमंतर

## पावर ऑफ योगा

श्रीकृष्ण ने श्रीमद्भागवत् में कहा है कि गुस्से से इंसान का विवेक खत्म हो जाता है। वह अच्छे-बुरे में फर्क नहीं कर पाता। दरअसल गुस्सा एक तरह का नकारात्मक सम्मोहन है,जिससे बुद्धि का नाश होता है और अंतत- यह इंसान को दिशाहीन कर देता है।

## नकारात्मक संवेग

इस धरती पर गुस्सा सबसे खतरनाक नकारात्मक संवेग है। वेदों के मुताबिक केवल यही वह संवेग है, जिस पर यदि समय रहते नियंत्रण नहीं किया जाए या इंसान की मन-स्थिति को जल्द न बदला जाए,तो यह उसके अस्तित्व के लिए खतरा बन सकता है,क्योंकि गुस्से से प्राण शक्ति और पुण्य नष्ट हो जाते हैं। गुस्स में व्यक्ति विवेकहीन होकर कई गलत काम कर बैठता है,उसके अच्छे कर्मो का क्षय होता है।

## गुस्से से ह्वदय रोग

विस्तृत शोधों के बाद चिकित्सा विज्ञान भी इस नतीजे पर पहुंचा है कि गुस्से से ह्वदय रोग और अकाल मौतहोने तक की आशंका बढ़ जाती है। इसकी वजह यह है कि क्रोध से हमारे शरीर में तनाव पैदा करने वाले हॉर्मोस बढ़ते हैं,जिससे खून में कोलेस्ट्रॉल बढ़ने के साथ ही और खतरनाक परिवर्तन भी हो सकते हैं। नतीजतन ह्वदय का पोषण करने वाली धमनियां ब्लॉक हो सकती हैं। क्रोधी व्यक्ति का स्वास्थ्य और हेल्थ हैबिट्स दोनों ही गड़बड़ होते हैं।

## फायदेमंद है योग

स्ट्रेस हॉर्मोन के बढ़ने से दूसरी असाध्य बीमारियां भी हो सकती हैं। खुशकिस्मती से हमारे यहां योग में क्रोध को शांत करने और उसका उपचार करने के कई तरीके हैं। यहां एक आसन का विवरण दिया जा रहा है,जो हमारे दिमाग के उस हिस्से पर सीधा सकारात्मक असर डालता है,जो क्रोध पैदा करने के लिए उत्तरदायी है। इस आसन के और भी बहुत से शारीरिक और मानसिक फायदे हैं।

## तकनीक

घुटनों को सीधा रखते हुए बिल्कुल सीधे खड़े हों। सीधे झुकते हुए एड़ी के पीछे पांवों के पास धरती पर अपनी हथेलियां टिकाएं। यदि आपकी हथेलियां धरती को नहीं छू पाती हैं तो घुटनों तक झुकें या घुटनों को सीधा रखें। अब सिर को ऊंचा करने की कोशिश करें और पीठ को खींचे। इसी स्थिति में रहते हुए सामान्य ढंग से सांस लें। पांच सैकंड या इससे कम समय के लिए इसी मुद्रा में रहें और फिर सांस खींचते हुए तड़ासन की स्थिति में आएं। इस तरह दो-तीन बार इसे दोहराएं।

## आसन के फायदे

यह आसन उनके लिए वरदान है,जिनका स्वभाव क्रोधी है या जो जल्द गुस्से में आ जाते हैं। यह ब्रेन सेल्स का तनाव दूर करते हैं,खासकर एमिगडाला का। इससे बहुत शान्ति मिलती है। यह लीवर, स्प्लीन और किडनी को भी स्वस्थ रखता है। इससे ब्लडप्रेशर और ह्वदय रोग से बचाव होता है।

## सर्वांगासन

इस आसन के जरिए आप अत्यधिक गुस्से को तो नियंत्रण में कर ही सकते हैं। साथ ही सिरदर्द,एनिमिया और अपच जैसी बीमारियों को दूर कर शरीर में नई ऊर्जा का संचार कर सकते हैं। अपने हाथ और पैर सीधे कर के जमीन पर लेट जाएं और गहरी सांस लेते हुए अपने दोनों पैरों को सीधे ऊपर की ओर उठाएं।

अपने हिप्स को ऊपर उठाते हुए पैरों को सीधा करे और बाद में सिर की ओर 45 डिग्री का कोण बनाने की कोशिश करें। सांस लेते हुए अपने दोनों हाथों से पीठ को सहारा दें। इस स्थिति में अंगूठे शरीर के अगले हिस्से और बाकी उंगलियां पीठ पर होनी चाहिए। पैरों को ऊपर की ओर उठाएं। अपनी पीठ को बिल्कुल सीधा कर लें और अपनी ठोढ़ी को बिल्कुल गले के पास लगाएं। धीरे-धीरे सांस लें। इस प्रक्रिया को कई बार दोहराते रहें। आसन के वक्त मन को पूरी तरह शांत रखें। जरूरत से ज्यादा आसन करने से बचें।

# सही आदत नो बीमारी

आज चार वर्ष के बच्चे को भी चश्मा पहने देख सकते हैं और अस्सी साल के वृद्ध को भी... दोनों को कोई अंतर नहीं है दस साल के बच्चे को भी शुगर की बीमारी है तो 30 साल के युवा को भी। एसे में यदि कहा जाए कि अत्याधुनिक लाइफ स्टाइल ही हमारी ज्यादा और नई बीमारियों का कारण है, तो गलत नहीं होगा। इसके लिए कुछ हद तक तो हमारा लाइफस्टाइल जिम्मेदार है तो कुछ हमारी अपनी आदतें भी जिम्मेदार हैं। जिन्हें अगर हम सुधार लें तो कई बीमारियों से बच सकते हैं।

बड़े-बुजुर्ग कह गए हैं, जैसा अन्न, वैसा मन। यह सौ फीसदी सही है। चूंकि नया लाइफस्टाइल अपनाने के चक्कर में सबसे पहले हम बदलते हैं डाइट। आजकल लोग दो मिनट में तैयार होने वाले फूड को प्रिफर करते हैं ताकि समय बचे जिसे वे और कहीं यूटिलाइज कर सकें। लेकिन अगर आपके पास स्वास्थ्य ही नहीं है तो फिर धन किस काम का। कहा भी गया है, पहला सुख निरोगी काया। इसलिए अगर आप चाहते हैं कि आप ताउम्र स्वस्थ रहें और किसी भी तरह की कोई बीमारी आपको न लगे तो सबसे पहले आप अपनी डाइट में सुधार करें और अपनी डाइट में हेल्दी और न्यूट्रीशियस खाद्य पदार्थों को शामिल करें।

## तनाव न बाबा न...

यह तो हम सब मानेंगे ही कि आजकल की हमारी जैसी जीवनशैली है उसमें आराम के पल कम और तनाव के पल ज्यादा मिलते हैं। जिसका सीधा सा असर हमारे शरीर पर पड़ता। जिस कारण कम उम्र में ही लोग ब्लड शुगर, हाईब्लड प्रेशर और न जाने कौन-कौन सी बीमारियों के घेरे में आ जाते हैं। इसलिए बीमारियों को कहना है गुडबाय तो पहले टेंशन को कहना होगा गुडबाय और स्माइल और खुशी को करना होगा वैलकम।

## व्यायाम है जरूरी

स्वस्थ रहने के लिए अन्य जो बातें महत्वपूर्ण हैं उसमें सबसे पहली बात है कि सिगरेट और शराब का सेवन बिल्कुल न करें। इसके अलावा नियमित रूप से चाहें आप किसी भी उम्र के क्यों न हों व्यायाम या योग करें। इससे एक तो आपकी अतिरिक्त चर्बी और कैलोरी कम होती है दूसरे आपका शरीर अंदर से स्वस्थ महसूस करता है। इसलिए हर रोज कम से कम आधा घंटा व्यायाम तो जरूर ही करें।




# अवचेतन का संदेश सुनें देह से करें दोस्ती

**मनुष्य की तीन अवस्थाएं होती हैं,एक है रोग, दूसरा है निरोग और तीसरा है नैरोग्य। नैरोग्य यानी वैलनेस। यह जो वैलनेस है उसकी अनुभूति हमसे बिछुड़ गई है, वह अनुभूति जो तब पैदा होती है जब देह और मन एक स्वर में गुनगुनाते हैं। डॉक्टरों और वैज्ञानिकों ने अब स्वीकार कर लिया है कि देह और मन के बीच एक गहरा संबंध होता है,वह एक इकाई है।**

तनाव भरे समय में ऐसा इंसान मिलना मुश्किल है जिसे कोई न कोई शारीरिक तकलीफ या कोई मानसिक उलझन न हो। लोगों को अक्सर यह महसूस होता है कि वैसे तो उन्हें अपने स्वास्थ्य में कुछ गड़बड़ नहीं दिखाई देती,लेकिन कुछ ऐसा भी है जो दुरूस्त नहीं लगता। कुछ बेचैनी सी,कुछ असंतुलन सा। मनुष्य की तीन अवस्थाएं होती हैं- एक है रोग,दूसरा है निरोग और तीसरा है नैरोग्य। नैरोग्य यानी वैलनेस। यह जो वैलनेस है उसकी अनुभूति हमसे बिछुड़ गई है,वह अनुभूति जो तब पैदा होती है जब देह और मन एक स्वर में गुनगुनाते हैं। डॉक्टरों और वैज्ञानिकों ने अब स्वीकार कर लिया है कि देह और मन के बीच एक गहरा संबंध होता है,वह एक इकाई है। लगभग आधी से अधिक शारीरिक व्याधियां मानसिक तनाव के कारण होती हैं। मनोवैज्ञानिकों का कहना है कि हमें बौद्धिक समझ प्रदान करने वाले हमारे सचेत मन,यानी कॉशन्स माइंड की पतली सी परत हमारे समूचे अस्तित्व का सिर्फ दसवां हिस्सा होती है। जैसे किसी फल का छिलका होता है वैसे ही सचेत मन अवचेतन मन का एक छिलका भर होता है।

इसी छिलके को हम शिक्षित करते हैं, सभ्य, सुसंस्कृत बनाते हैं, नीति, धर्म इत्यादि सिखाते हैं लेकिन इस चेतन परत के मुकाबले मस्तिष्क की अवचेतन परतें अधिक महत्वपूर्ण हैं। अगर हमारा नाता अपने ही अवचेतन से टूट गया तो हमारा जीवन स्वस्थ और संतुलित नहीं रह पाता। जब भी आदमी किसी रोग से ग्रसित होता है तो उसकी जड़ें उसके गहन अवचेतन मन में होती हैं। कोई दबाया हुआ क्रोध या दुख या भय अंदर पड़ा-पड़ा नासूर बन जाता है और फिर वह कैंसर या अन्य किसी रोग के रूप में प्रगट होता है। वो रसायन शरीर के अंगों में प्रवेश कर उन अंगों को कमजोर बनाता है और धीरे-धीरे रोग उनमें घर बना लेता है।



## बॉडी-माइंड बैलेंसिंग

अवचेतन की इसी शक्ति को ध्यान में रख कर ओशो ने एक प्राचीन तिब्बती ध्यान पद्धति को पुनर्जीवित किया है। उसे नाम दिया है बॉडी-माइंड बैलेंसिंग,देह और मन का संतुलन। यह एक ऐसी निर्देशित ध्यान पद्धति है जिसके जरिए लोग अपने देह और मन का एक इकाई की तरह उपयोग करना सीखते हैं और स्वास्थ्य को अनुभव कर पाते हैं। ओशो ने कहा है कि एक बार आप शरीर से संवाद करना शुरू करते हैं तो चीजें बहुत आसान हो जाती हैं। क्योंकि शरीर पर जबर्दस्ती नहीं की जा सकती, उसे प्रेम से फुसलाया जा सकता है।

## अवचेतन का संदेश सुनिए

टीवी और इलेक्ट्रानिक उपकरणों के कोहराम ने हमारी सुनने की नैसर्गिक क्षमताओं को कुंद कर दिया है और हम शरीर के मूक संदेशों को सुनना भूल ही गए हैं। यही कारण है कि अब देह आपका ध्यान खींचने के लिए और कठोर भाषा अपनाती है। आपको परेशान करने की कोशिश करती है। उसका संदेश बीमारियों के जरिए शरीर में नजर आने लगता है। जैसे सिरदर्द,बीच-बीच में टूटने वाली नींद,दुर्घटनाओं का आघात यानी ट्रॉमा,लाइलाज मर्ज,खासतौर से पीठ और पेट के रोग। सम्मोहन का नजरिया है कि कोई भी पीड़ा हो,वह एक संदेश है अवचेतन का। आपका अवचेतन आपसे कुछ कहना चाहता है,भागदौड़ छोड़कर जरा रूक जाएं और ध्यान दें। उसकी आवाज सुनें। उसे महसूस करें। यह ध्यान पद्धति सिखाती है कि देह की आवाज फिर कैसे सुननी शुरू की जाए और कैसे एक बार फिर पुरानी पीड़ाओं से छुटकारा पाया जाए।

## शरीर से दोस्ती करें

बॉडी माइंड बैलेंसिंग को किसी भी असंतुलन को दूर करने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। भले ही वह वजन बढ़ने की समस्या हो,हाजमे की दिक्कतें हों (खासतौर से कब्ज की समस्या),तरह-तरह के दर्द हों,तनाव या बेचैनी हो। यहां तक कि इसके जरिए बुरी आदतों से छुटकारा पाया जा सकता है।

# बच्चों को बोतल न दें

नन्हा शिशु रोता है,तो काम में व्यस्त मां उसके मुंह में शहद की निप्पल,टीथर या दूध की बोतल मुंह में लगा देती है। बहुत कम पेरेन्ट्स को पता है कि ये पैसीफायर,टीथर और निप्पल शिशु की सेहत के लिए खतरनाक साबित हो सकते हैं,क्योंकि इनमें खतरनाक और विषैले तत्व पाए गए हैं जैसे- लैड, कैडमियम, क्रोमियम आदि।

## हानिकारक हैं विषैले तत्त्व

सीईआरएस ने पैसीफायर्स,टीथर्स एवं निप्पल्स के नमूनों का परीक्षण किया। सभी में लैड,क्रोमियम और कैडमियम पाए गए। नवजात शिशुओं के खिलौनों में ?से विषैले तत्व की मौजूदगी स्वीकार्य नहीं,क्योंकि बच्चे इन्हें चूसते,चबाते रहते हैं और लार निगलते रहते हैं। ये पैसीफायर या टीथर शिशुओं के लिए बैक्टीरियल या फंगल इंफेक्शन का सबब बन सकते हैं। लैड की थोड़ी-सी मात्रा भी खतरनाक हो सकती है। कैडमियम एक नेफ्रोटॉक्सिन है,जो किडनी को क्षतिग्रस्त कर सकता है। इसके शरीर में जाने से पेट दर्द,जी मिचलाना और यहां तक कि मृत्यु भी हो सकती है। क्रोमियम इरीटेशन या दमा के दौर का सबब बन सकता है।

## बदलें मापदंड

बीआईएस को भी अपने मापदंड बदलने चाहिए और विशेष रूप से नवजात शिशुओं के लिए बनाए गए खिलौनों जैसे टीथर,पैसीफायर एवं निप्पल्स के लिए अलग स्टैंडर्ड तय करने चाहिए।

## क्या है समाधान

शिशु को एक बड़ा गाजर,खीरा या मूली उनकी ऊपरी सतह को साफ करके,साफ पानी से धोकर दे दिया जाए। शिशु को दूध पिलाने के लिए बोतल का इस्तेमाल न करना बेहतर होगा। ये आसानी से गंदे और बैक्टीरिया युक्त हो जाते हैं।



## पति का अफेयर पत्नी को नहीं आया पसंद, गुस्से में शोहर के टुकड़े कर बनाई बिरयानी

पति और पत्नी में झगड़े होना आम बात है लेकिन अगर इस लड़ाई की सीमा पार हो जाए तो किसी की हत्या भी हो सकती है। ऐसा ही एक मामला ईरान से आया है जहां एक पत्नी ने अपने पति की हत्या की और फिर उसके शरीर के टुकड़े कर बिरयानी बनाकर खाई। यह घटना ईरान की राजधानी तेहरान की है। यहां स्थित एस्लामशहर नामक एक जगह पर यह हैरान कर देने वाली घटना हुई है। द सन की एक रिपोर्ट के अनुसार, दोनों पति और पत्नी के बीच लंबे समय से झगड़ा चल रहा था और दोनों एक दूसरे को रोज पीटते थे। इन दोनों की शादी काफी पहले हुई थी और एक पांच साल की बेटी भी थी। रिपोर्ट के मुताबिक, पति का एक अन्य महिला से अफेयर चल रहा था और पत्नी को यह बात पसंद नहीं थी जब्कि पति अपनी पत्नी को पसंद नहीं करता था क्योंकि वह रोज उससे लड़ती थी। पति रोज अपनी पत्नी और बेटी को पीटता था। एक दिन दोनों की लड़ाई काफी ज्यादा बढ़ गई और पति चाकू लेकर आ गया लेकिन झगड़े में पत्ति ने पति से थछाकू छीन लिया और गुस्से में अपने पति पर वार कर दिया और उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद पत्नी ने अपनी मृत पति के शरीर के टुकड़े-टुकड़े किए और इसकी बिरयानी बनाकर खाई। पुलिस को जब इस बात की भनक लगी तो वह मौके पर पुहंची जहां पति की कटी लाश पड़ी हुई थी। महिला ने अपना आरोप कबूल लिया और उसकी गिरफ्तारी की गई। पुलिस ने बताया कि पड़ोसियों को घर से बदबू आ रही थी जिसके बाद सभी ने पुलिस को सूचित किया था।

## पश्चिमी मेक्सिको में हुआ खूनी संघर्ष, गोलीबारी में आठ लोगों की मौत

मेक्सिको सिटी। पश्चिमी मेक्सिको में गोलीबारी में आठ लोगों की मौत हो गई। पश्चिमी मेक्सिको में अभियोजकों ने बताया कि उन्हें बुधवार को आठ लोगों के शव मिले, जिन पर गोलियों के निशान हैं। ये शव मिचोआकन राज्य की तुजंतला बस्ती में बुधवार को पाए गए। मिचोआकन में नशीले पदार्थों के तस्करों के बीच कई वर्षों से खूनी संघर्ष जारी है। मिचोआकन राज्य के अभियोजकों ने बताया कि वे मामले की जांच कर रहे है।

## यूक्रेन में स्वतंत्रता दिवस पर हुए हमले में 15 लोगों की मौत, 50 से ज्यादा घायल

कीव। रूसी बलों ने यूक्रेन के स्वतंत्रता दिवस पर एक ट्रेन स्टेशन पर रॉकेट से हमला किया, जिसमें कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और 50 लोग घायल हो गए। राष्ट्रपति व्लोदिमिर जेलेंस्की ने यह जानकारी दी। वह कई दिन इस बात को लेकर आगाह कर रहे थे कि रूस इस सप्ताह ''किसी बर्बर कार्रवाई'' का प्रयास कर सकता है। यूक्रेनी समाचार एजेंसियों ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि जेलेंस्की ने वीडियो के माध्यम से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को बताया कि यह घातक हमला निप्रोपेट्रोवस्क क्षेत्र के चैपलने शहर में हुआ ।शहर की आबादी लगभग 3,500 है।

## अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की पत्नी जिल दोबारा कोरोना वायरस से संक्रमित

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन की पत्नी जिल बाइडन कोरोना वायरस से उबरने के बाद दोबारा इससे संक्रमित हो गई हैं। व्हाइट हाउस ने बताया कि राष्ट्रपति जो बाइडन कोविड-19 से उबर चुके हैं। वह भी इस महीने की शुरुआत में कोरोना वायरस से उबरने के बाद फिर संक्रमित हो गए थे। बाइडन की उप संचार निदेशक केल्सी डोनोह्यू ने कहा कि जांच में उनके वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई और वह डेलावेयर में ही रहेंगी, जहां वह संक्रमित होने के बाद पृथकवास में थीं।

## 10 लाख उइगर मुस्लिमों पर ड्रैगन के अत्याचारों की पोल जल्द खुल सकती

वॉशिंगटन ।चीन के शिंजियांग प्रांत में 10 लाख उइगर मुस्लिमों पर अत्याचार की पोल खुल सकती है। संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों के दल की समिति ने 4 साल पहले दुनिया से इस पर ध्यान देने के लिए कहा था कि चीन के शिंजियांग प्रांत में 10 लाख उइगर मुस्लिमों को 'री एजुकेशन' और 'समझाने' के नाम पर अवैध कैंपों में रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके 'विश्वसनीय रिपोर्ट' मौजूद हैं। इसके बाद अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने चीन को जिम्मेदार ठहराने के लिए कुछ खास नहीं किया। चीन से कई बार अपील की गई कि वह शिंजियांग में स्वतंत्र जांच की अनुमति दे लेकिन बीजिंग ने इससे मना कर दिया। अब मानवाधिकारों के लिए संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त मिशेल बाचलेट की रिपोर्ट अगले सप्ताह जारी होने वाली है। इस रिपोर्ट से शिंजियांग में चीन के करतूतों पर बड़ा खुलासा हो सकता है। रिपोर्ट शिंजियांग से बच निकले लोगों और उनके परिवार के अनुभवों पर आधारित है। इससे पहले संयुक्त राष्ट्र ने पहले ऐसा नहीं किया था। संयुक ?त राष्ट्र की यह रिपोर्ट अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए एक अहम मोड़ साबित होगी है। हालांकि यह सबकुछ इस बात पर निर्भर करता है कि रिपोर्ट में क्या खुलासा होता है। वहीं माइकल बाचलेट पर पहले ही मानवाधिकार समूहों और अकादमिक विशेषज्ञों ने आरोप लगाया है कि वह चीन के प्रति नरम रवैया रखती हैं। माइकल बाचलेट ने इस साल बीजिंग की यात्रा भी की थी जो विवादों में आ गई थी। बाचलेट के कठोर रिपोर्ट जारी करने और उस पर कार्रवाई करने का मतलब है कि चीन के खिलाफ जाना जिसने पहले ही संयुक्त राष्ट्र में अपने कई भेदिए बना लिए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि चीन ने अपनी आर्थिक ताकत का इस्तेमाल करते हुए संयुक्त राष्ट्र के सिस्टम के अंदर विभिन्न देशों पर अपनी पकड़ मजबूत कर लिया है। यही नहीं चीन मानवाधिकारों को लेकर अपने वैकल्पिक रुख को बढ़ावा दे रहा है। चीन लगातार कोशिश कर रहा है कि अगर उसके मानवाधिकारों के रेकॉर्ड को चुनौती देने की कोई बात आए तो पीछे ढकेला जा सके जिसमें उच्चायुक्त की रिपोर्ट भी शामिल है। इससे पहले बाचलेट ने कहा था कि उन्होंने स्वतंत्र आकलन के लिए बिना रोकटोक के अनुमति मांगी थी लेकिन उन्हें अपनी चीन यात्रा के दौरान यह मंजूरी नहीं दी गई थी। उन्होंने प्रण किया है कि इस महीने खत्म हो रहे उनके कार्यकाल से पहले इस रिपोर्ट को जारी कर दिया जाएगा। वहीं इस रिपोर्ट के आने से पहले ही चीन ने इसकी निंदा करनी शुरू कर दी है। उसने कहा है कि शिंजियांग की झूठी सूचना पर आधारित इस रिपोर्ट को प्रकाशित नहीं किया जाए। चीन पर लंबे समय से शिंजियांग में दमन का आरोप लगता रहा है।

## फिनलैंड की पीएम पार्टी वीडियो लीक मामले में आहत बोली- मैं भी इंसान हूं खुशी के लिए...

हेलसिंकी ।फिनलैंड की 36 वर्षीय प्रधानमंत्री सना मारिन एक निजी पार्टी का मौजमस्ती का वीडियो लीक होने के बाद विपक्ष के निशाने पर हैं और आलोचनाओं का सामना कर रही हैं। सना मारिन ने इस विवाद के बाद अपने वर्क रिकॉर्ड और पर्सनल लाइफ के अधिकार का जोरदार बचाव किया है। हेलसिंकी के उत्तर में लाहटी शहर में अपनी सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी (एसडीपी) के एक कार्यक्रम में अपनी आंखों के आंसुओं को रोकने की कोशिश करती हुई पीएम मारिन ने कहा कि 'मैं इंसान हूं। और मैं भी कभी-कभी इन काले बादलों के बीच खुशी, रोशनी और मस्ती के लिए तरसती हूं। यह निजी है, यह खुशी है, और यह जीवन है।' उन्होंने कहा कि 'इसके बावजूद मैंने एक भी दिन काम नहीं छोड़ा।'

एक खबर के मुताबिक फिनलैंड की पीएम सना मारिन ने ये भी कहा कि 'पिछला हफ्ता काफी मुश्किल भरा रहा। मेरा विश्वास है कि लोग देखेंगे कि हम काम के समय क्या करते हैं न कि हम अपने खाली समय में क्या करते हैं।' गौरतलब है कि पिछले हफ्ते एक वीडियो लीक हुआ था। जिसने दुनिया भर में सुर्खियां बटोरीं। इसमें पीएम सना मारिन को अपने दोस्तों और मशहूर हस्तियों के साथ नाचते और पार्टी करते हुए देखा गया।

वीडियो में उनके नाचने पर कुछ लोगों ने एक प्रधानमंत्री के लिए अनुचित व्यवहार कहकर सना मारिन की आलोचना की। जबकि अन्य लोगों ने दोस्तों के साथ एक निजी कार्यक्रम का आनंद लेने के उनके अधिकार का बचाव किया है। कुछ ने वीडियो पर सुनी गई बातों को नशीले पदार्थों से जोड़ा। सोशल मीडिया पर कुछ भारी बहस हुई और प्रधानमंत्री मारिन ने ड्रग्स लेने से इनकार किया। किसी भी संदेह को दूर करने के लिए उन्होंने ड्रग टेस्ट कराया और बाद में रिजल्ट निगेटिव आया।

इसके बावजूद मारिन को जुलाई में अपने घर पर ली गई कुछ तस्वीरों के लिए मंगलवार को माफी मांगने पर मजबूर होना पड़ा। इसमें दो महिलाएं आपत्तिजनक हरकतें कर रहीं थीं। इन तस्वीरों को सबसे पहले एक टिकटॉक अकाउंट पर एक पूर्व मिस फिनलैंड प्रतियोगी ने शेयर किया गया था। जो खुद भी फोटो में दिखाई दे रही है। बहरहाल वीडियो के जुड़े विवाद के दौरान मारिन की पार्टी ने उनका समर्थन किया था। जबकि स्थानीय मीडिया का कहना है कि इस हफ्ते सार्वजनिक हुई नई तस्वीरों के कारण सोशल डेमोक्रेट्स के भीतर उनकी आलोचना बढ़ रही है। एक अखबार ने एसडीपी सांसदों से बात करने के बाद मंगलवार को लिखा कि वैसे तो सना मारिन बेहद लोकप्रिय हैं, लेकिन बार-बार होने वाले स्कैंडल से पार्टी के भीतर निराशा बढ़ रही है।




बुल्गारिया में मैक रदरफोर्ड गिनीज विश्व रिकार्ड के साथ पोज देते हुए।

## पूर्व जापानी पीएम शिंजो आबे की हत्या मामले में राष्ट्रीय पुलिस प्रमुख देंगे इस्तीफा

**टोक्यो ।** जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की हत्या मामले में देश के राष्ट्रीय पुलिस प्रमुख ने गुरुवार को कहा कि वह पिछले महीने चुनाव प्रचार के दौरान आबे की गोली मारकर हत्या किए जाने की घटना की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए पद से इस्तीफा देंगे। राष्ट्रीय पुलिस एजेंसी ने, आबे की जिंदगी बचाने में नाकामी पर एक रिपोर्ट जारी की है। इसके बाद एजेंसी के प्रमुख इतारू नकामुरा ने इस्तीफे की घोषणा की है। आठ जुलाई को पश्चिमी जापान के नारा में आबे की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस की रिपोर्ट में आबे की पुलिस सुरक्षा में खामियां पाई गई हैं जिस वजह से कथित हमलावर ने उन्हें पीछे से गोली मार दी।

नकामुरा ने यह नहीं बताया कि वह कब इस्तीफा देंगे। कथित बदूंकधारी तेतसुया यमगामी को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया था और फिलहाल उसकी मानसिक जांच की जा रही है जो नवंबर के अंत तक चलेगी। उसने पुलिस को बताया कि उसने पूर्व प्रधानमंत्री को उनके 'यूनिफिकेशन चर्च' के साथ संबंधों की वजह से निशाना बनाया था, क्योंकि वह चर्च से नफरत करता है। आबे के परिवार ने गुरुवार को उनकी हत्या के 49वें दिन उन्हें बौद्ध परंपराओं से निजी कार्यक्रम में श्रद्धांजलि दी।

# मिसाइल संबंधी दुर्घटना पर भारत की कार्रवाई को पाकिस्तान ने 'अपर्याप्त' बताया

**इस्लामाबाद। (एजेंसी)।**

पाकिस्तान ने नौ मार्च को दुर्घटनावश मिसाइल गिरने की घटना पर भारत की कार्रवाई को ''अपर्याप्त'' बताते हुए खारिज कर दिया और इस मामले में संयुक्त जांच की मांग की। पाकिस्तान में दुर्घटनावश ब्रह्मोस मिसाइल गिरने की घटना की उच्चस्तरीय जांच में जिम्मेदार पाए गए भारतीय वायु सेना के तीन अधिकारियों को 23 अगस्त को बर्खास्त कर दिया गया।

भारत के एक आधिकारिक बयान के अनुसार, 'कोर्ट ऑफ इंक्वायरी' (सीओआई) ने इस घटना की जांच में पाया कि तीन अधिकारियों ने मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का पालन नहीं किया। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने बुधवार देर रात एक बयान में कहा कि देश ने उसके क्षेत्र में सुपरसोनिक मिसाइल दागे जाने की घटना के संबंध में सीओआई के निष्कर्षों के संबंध में भारत की घोषणा और इस गैर जिम्मेदाराना घटना के लिए कथित रूप से जिम्मेदार पाए गए वायुसेना के तीन अधिकारियों की सेवाएं समाप्त करने के निर्णय के बारे में पढ़ा है। उसने कहा, ''पाकिस्तान इस अत्यधिक गैर-जिम्मेदाराना मामले को भारत द्वारा कथित रूप से बंद किए जाने को सिरे से खारिज करता है और संयुक्त जांच की अपनी मांग को दोहराता है।'' पाकिस्तान ने कहा, ''घटना के बाद भारत द्वारा उठाए गए कदम और इसके बाद निकले निष्कर्ष एवं तथाकथित 'कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी' द्वारा दी




गई सजा अपेक्षा के अनुरूप पूरी तरह से असंतोषजनक, कम और अपर्याप्त है।'' उसने आरोप लगाया कि भारत मामले की न केवल संयुक्त जांच करने की पाकिस्तान की मांग का जवाब देने में नाकाम रहा, बल्कि उसने भारत में कमान एवं नियंत्रण प्रणाली, सुरक्षा प्रोटोकॉल और ''मिसाइल दागने की बात स्वीकार करने में भारत की ओर से देरी के कारण'' संबंधी पाकिस्तान के सवालों का जवाब भी नहीं दिया।

उसने कहा कि सामरिक हथियारों को संभालने में गंभीर प्रणालीगत खामियों और तकनीकी खामियों को ''व्यक्तिगत मानवीय त्रुटि के आवरण से छुपाया नहीं जा'' सकता। पाकिस्तान ने कहा, ''यदि भारत की वास्तव में कोई गलती नहीं है, तो उसे पारदर्शिता अपनाते हुए संयुक्त जांच की पाकिस्तान की मांग स्वीकार करनी चाहिए।'' उसने कहा कि नौ मार्च के ''भारत के गैर जिम्मेदाराना कदम'' ने पूरे क्षेत्र की शांति एवं सुरक्षा के माहौल को ''खतरे में डाल दिया'' जबकि ''पाकिस्तान ने अनुकरणीय संयम दिखाया'' जो उसकी प्रणालीगत परिपक्वता और एक जिम्मेदार परमाणु सम्पन्न देश के रूप में शांति के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। पाकिस्तान ने अपनी मांग दोहराई कि भारत सरकार को घटना के बाद इस्लामाबाद द्वारा उठाए गए सवालों का तुरंत जवाब देना चाहिए और संयुक्त जांच की उसकी मांग को स्वीकार करना चाहिए।

## व्हाइट हाउस व न्यूयार्क सिटी के महापौर ने महात्मा गांधी की प्रतिमाओं को क्षति पहुंचाने की निंदा की

**वाशिंगटन। (एजेंसी)।**




अमेरिका में व्हाइट हाउस और न्यूयार्क सिटी के महापौर ने हाल में देश में महात्मा गांधी की प्रतिमाओं को क्षतिग्रस्त करने की घटनाओं की बुधवार को कड़ी निंदा की। महात्मा गांधी की प्रतिमा को नुकसान पहुंचाने का ताजा मामला न्यूयार्क का है। अमेरिकी राष्ट्रपति के निवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरेन ज्यां पियरे ने दैनिक प्रेस सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा, 'महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा का संदेश दिया है और वह प्रेरणास्रोत हैं। राष्ट्रपति ने इस बारे में सीधे तौर पर कहा है। प्रतिमा को नुकसान पहुंचाने के किसी भी कृत्य की कड़ी शब्दों में निंदा की जानी चाहिए।' पियरे ने देश के विभिन्न हिस्सों में हाल में महात्मा गांधी की प्रतिमाओं को क्षति पहुंचाने की घटनाओं पर पूछे गए सवाल पर यह प्रतिक्रिया दी। इन घटनाओं में से दो न्यूयार्क में हुई हैं। न्यूयार्क पुलिस विभाग इनमें से कम से कम एक घटना को घृणा अपराध मानकर जांच कर रहा है। इस संबंध में चल रही जांच के बाबत पूछे जाने पर पियरे ने कहा, 'इस बारे में की गई जांच और कार्रवाई के लिए आपको स्थानीय कानून प्रवर्तन एजेंसी से बात करनी चाहिए।' प्रेस सचिव ने कहा, 'अमेरिका अपने भारतीय और अन्य विदेशी समकक्षों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। हम हिंसा की किसी भी घटना की निंदा करते हैं। हम यह इस मंच से कई बार कह चुके हैं। महात्मा गांधी प्रेरणास्रोत हैं। राष्ट्रपति ने ऐसा कई बार कहा है।' इस बीच न्यूयार्क सिटी के महापौर एरिक एडम्स कई अधिकारियों के साथ न्यूयार्क में स्थित गांधी की उस प्रतिमा पर गए जिसे नुकसान पहुंचाया गया था। शहर में तीन अगस्त और 16 अगस्त को गांधी की प्रतिमा को क्षति पहुंचाने की घटनाएं हुई थीं। रिचमंड हिल में स्थित तुलसी मंदिर का दौरा करने गए एडम्स ने संवाददाताओं से कहा, ÷रिचमंड हिल में घृणा के लिए कोई स्थान नहीं है। न्यूयार्क सिटी में घृणा के लिए कोई स्थान नहीं है।

## इमरान खान को मिली अंतरिम जमानत, जज को धमकाने का था आरोप

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।**

की एक आतंकवाद रोधी अदालत ने गुरुवार को पीटीआई प्रमुख इमरान खान को पिछले सप्ताह राजधानी में एक रैली के दौरान एक महिला न्यायाधीश के बारे में उनकी विवादास्पद टिप्पणी के लिए उनके खिलाफ दर्ज एक मामले में अंतरिम जमानत दे दी। न्यायाधीश राजा जवाद अब्बास हसन ने 1 सितंबर तक के लिए इमरान को एक लाख रुपये के मुचलके पर जमानत दी। इमरान की जमानत याचिका उनके आने से पहले आज अदालत में दायर की गई थी, जिसमें याचिकाकर्ता ने तर्क दिया था कि पीटीआई प्रमुख के खिलाफ आतंकवाद का मामला पुलिस द्वारा 'बदले की कार्रवाई' के रूप में दर्ज किया गया था।



पाकिस्तानी अखबार डॉन की रिपोर्ट के अनुसार फेडरल ज्यूडिशियल कॉम्प्लेक्स के आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी गई थी। जहां पुलिस और फ्रंटियर कॉर्प्स के जवानों को तैनात किया गया था। परिसर के आसपास की सड़कों को भी अवरुद्ध कर दिया गया है। इस बीच, पीटीआई ने समर्थकों से आह्वान किया कि अगर इमरान को हिरासत में लिया जाता है तो वे 'सड़कों पर बाहर आएं और फिर अगले दिन इस्लामाबाद जाएं'।

## अजीबोगरीब मामला ! कोरोना, मंकीपॉक्स और एचआईवी तीनों से संक्रमित पाया गया 36 वर्षीय शख्स, शोधकर्ता हुए हैरान

**संयुक्त राष्ट्र (एजेंसी)।**

रोम। इटली में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। एक 36 वर्षीय शख्स एक साथ एक ही समय में कोरोना वायरस, मंकीपॉक्स और एचआईवी का शिकार हुआ है। इस मामले को देखकर शोधकर्ता भी हैरान हैं कि आखिर यह शख्स एक साथ तीनों की चपेट में कैसे आया ? 36 वर्षीय शख्स को तीनों बीमारियां साल की शुरुआत में इटली जाने के बाद हुईं, जहां पर उसने कई पुरुषों के साथ संबंध बनाए थे। जर्नल ऑफ इंफेक्शन में प्रकाशित एक रिपोर्ट के मुताबिक, 36 वर्षीय शख्स के नाम का खुलासा नहीं करते हुए बताया गया कि पांच दिन की यात्रा से लौटने के लगभग 9 दिन बाद बुखार, गले में खराश, थकान, सिरदर्द, कमर में सूजन इत्यादि समस्याओं से शख्स जूझ रहा था। जिसके बाद उसने कोरोना टेस्ट कराया और रिपोर्ट पॉजिटिव आई। इसके बाद मरीज के हाथ, चेहरे और पैरों में दाने उभरने लगे, जो बाद में फफोले बन गए। मरीज की बिगड़ती हालत को देखते हुए उसे अस्पताल के इमरजेंसी डिपार्टमेंट में भर्ती कराया गया, जहां उसका मंकीपॉक्स टेस्ट हुआ और इसकी रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई। इसके बाद डॉक्टरों ने एचआईवी टेस्ट कराया और कोरोना, मंकीपॉक्स की तरफ मरीज एचआईवी पॉजिटिव पाया गया। ऐसे में डॉक्टरों ने बताया कि मरीज को हाल ही में एचआईवी हुआ है।



### सतर्कता बरतने की दी सलाह

अस्पताल में हुए इलाज के चलते मरीज की हालत में सुधार हुआ। इसके बाद कोरोना और मंकीपॉक्स रिपोर्ट निगेटिव आ गई। जिसके बाद डॉक्टरों ने मरीज को अस्पताल से छुट्टी दे दी लेकिन मरीज को सतर्कता बरतने की हिदायत भी दी गई क्योंकि मंकीपॉक्स होने के 20 दिन बाद भी मरीज पॉजिटिव हो सकता है। आपको बता दें कि मरीज को फाइजर की द्व्रह्म वैक्सीन की दोनों डोज लगी हुई थी।

### एचआईवी का चल रहा इलाज

डॉक्टरों ने मरीज के कोरोना और मंकीपॉक्स से उभरने के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी। इसके अलावा मरीज का एचआईवी संक्रमण का इलाज शुरू हो चुका है। 19 अगस्त को जर्नल ऑफ इंफेक्शन यह मामला प्रकाशित हुआ था।

# यूक्रेन ने मनाया स्वतंत्रता दिवस, रूस के साथ युद्ध के छह महीने पूरे हुए

**कीव। (एजेंसी)।**

यूक्रेन ने रूस के साथ जारी युद्ध के बीच बुधवार को अपना स्वतंत्रता दिवस मनाया और यह यूक्रेन पर रूसी हमला शुरू होने के छह महीने पूरे होने का भी दिन है। वहीं, राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रूसी हमलों के मद्देनजर लोगों से सतर्क रहने को कहा। कीव के निवासी बुधवार सुबह सायरन की आवाज सुनकर जागे। हालांकि, हालिया महीनों में राजधानी में छिटपुट हमले हुए हैं और फिलहाल युद्ध मुख्य रूप से यूक्रेन के पूर्वी और दक्षिणी हिस्से में केंद्रित है। इस बीच, ब्रिटेन के निवर्तमान प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने कीव का दौरा किया है। युद्ध शुरू होने के बाद से जॉनसन का यूक्रेन का यह तीसरा दौरा है।

वहीं, यूरोपीय देशों के नेताओं ने यूक्रेन के लोगों के बलिदान और साहस को सलाम किया और उसे हथियारों की आपूर्ति जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया तथा हमले के लिए रूस की निंदा की। अमेरिका ने यूक्रेन की सेना को आगामी वर्षों में लड़ने में मदद करने के लिए लगभग तीन अरब डॉलर के एक बड़े नए सैन्य सहायता पैकेज की घोषणा की है। यूक्रेन ने 1991 में सोवियत संघ से आजादी की घोषणा की थी। अधिकारियों ने राजधानी में बड़े जमावड़े पर प्रतिबंध लगा दिया है क्योंकि आशंका है कि रूस राष्ट्रीय अवकाश के मद्देनजर बमबारी कर सकता है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने एक बयान में कहा, ''रूस के उकसावे की कार्रवाई और बर्बर हमले की आशंका है। कृपया सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करें। सायरन पर ध्यान दें। आधिकारिक घोषणाओं पर ध्यान दें। याद रखें- हम सब मिलकर जीत हासिल करेंगे।'' कीव के व्यस्त इलाके में उत्साह के साथ स्थानीय निवासी एकत्र हुए, जहां नष्ट हो चुके रूसी टैंक और तोपखाने सप्ताहांत में प्रदर्शित किए गए थे, और राष्ट्रगान हर दिन स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजे बजाया जाता है। सेवानिवृत्त सैनिक तेत्याना ने कहा, ''यूक्रेन में जो कुछ हो रहा है, उसके बारे में जो कुछ मैं देखती और सुनती हूं, उसके कारण मैं रात को सो नहीं सकती। यह युद्ध नहीं है। यह यूक्रेन के लोगों की तबाही है।'' जेलेंस्की ने स्वतंत्रता दिवस पर अपने संदेश में कहा, ''छह महीने पहले, रूस ने युद्ध की घोषणा की। 24 फरवरी को, पूरे यूक्रेन में विस्फोटों और गोलियों की आवाज सुनी गई। 24 फरवरी को, हमें बताया गया, आपके पास कोई मौका नहीं है। 24 अगस्त को हम कह रहे हैं- यूक्रेन स्वतंत्रता दिवस मुबारक।'' अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने यूक्रेन के स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में महत्वपूर्ण नयी सैन्य सहायता की घोषणा करते हुए कहा कि यूक्रेन के कई लोगों के लिए यह दिन ''कड़वा'' है, क्योंकि वे नुकसान झेल रहे हैं लेकिन रूस के ''निरंतर हमलों'' का डटकर मुकाबला करने में गर्व महसूस करते हैं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने पश्चिमी देशों से आगे भी यूक्रेन का समर्थन जारी रखने का आह्वान किया। मॉस्को के बाहर एक कार बम विस्फोट में शनिवार को दक्षिणपंथी रूसी राजनीतिक विश्लेषक अलेक्जेंडर डुगिन की 29 वर्षीय बेटी की मौत हो गई, जिससे यह आशंका बढ़ गई कि रूस इस सप्ताह यूक्रेन पर हमले तेज कर सकता है। रूसी अधिकारियों ने डारिया डुगिना की मौत के लिए यूक्रेन को जिम्मेदार ठहराया है। यूक्रेन की सरकार ने घटना में किसी भी तरह की संलिप्तता से इनकार किया है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 24 फरवरी को हजारों सैनिकों को यूक्रेन में दाखिल होने का आदेश दिया। मास्को की सेना को अप्रत्याशित रूप से यूक्रेन के कड़े प्रतिरोध का सामना करना पड़ा और छह महीने की लड़ाई ने यूक्रेन में जीवन को बदल दिया तथा विश्व अर्थव्यवस्था पर भी गंभीर असर पड़ा। युद्ध के 182वें दिन में प्रवेश करने के साथ संघर्ष के जल्द समाप्त होने का कोई संकेत नहीं है। रूस के पास अब देश के पूर्व और दक्षिण के बड़े हिस्से हैं, लेकिन उसकी बढ़त दिनों दिन कमजोर होती जा रही है। छह महीने के संघर्ष के दौरान किसी भी देश ने यह खुलासा नहीं किया है कि उसने कितने सैनिक हताहत हुए हैं।

## सार समाचार

### भाजपा का आरोप, शराब नीति पर हमारे सवालों से बचती दिख रही आप पार्टी

नई दिल्ली । दिल्ली में इन दिनों आबकारी नीति को लेकर संग्राम जारी है। भाजपा जबरदस्त तरीके से सीएम अरविंद केजरीवाल की सरकार के खिलाफ हमलावर है। इतना ही नहीं, भाजपा की ओर से लगातार सवाल पूछकर केजरीवाल से उसके जवाब मांगे जा रहे हैं। भाजपा केजरीवाल पर सवालों का जवाब नहीं देने और सवालों से बचने का आरोप लगा रही है। इस बीच फिर से भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने जबरदस्त तरीके से अरविंद केजरीवाल और उनकी सरकार पर निशाना साधा। सुधांशु त्रिवेदी ने साफ तौर पर कहा कि हम आबकारी नीति पर सटीक जवाब की मांग कर रहे हैं लेकिन वे लगातार ध्यान भटकाने का नाटक कर रहे हैं। हम आम आदमी पार्टी से तीखे सवाल पूछ रहे हैं लेकिन वह चुप रहे हैं और सवालों से बच रहे हैं। इस दौरान भाजपा सांसद प्रवेश वर्मा ने सवाल किया कि आप ने समिति की सिफारिशों का पालन क्यों नहीं किया?उन्होंने एल-1 का कमीशन 2प्रतिशत से बढ़ाकर 12 प्रतिशत क्यों किया? वे इन सवालों का जवाब देने में नाकाम रहे हैं। भाजपा सांसद ने साफ तौर पर कहा कि उन्होंने जो भ्रष्टाचार किया है, उसके लिए वे सलाखों के पीछे जाएंगे। क्योंकि जांच एजेंसियों के पास सभी पक्के सबूत हैं। इसके साथ ही उन्होंने तंज भी कसा। उन्होंने कहा कि केजरीवाल जी, अगर आप अपने किसी विधायक का पता नहीं लगा पा रहे हैं, तब कृपया हमें बताएं। हम आपको उनका पता लगाने में मदद करने वाले हैं। इससे पहले भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा था कि दिल्ली की आबकारी नीति के अनुसार शराब के उत्पादक, खुदरा विक्रेता और वितरक एक नहीं हो सकते। इतना ही नहीं, इनसे जुड़ी कंपनियों के निदेशक और हितधारक भी एक नहीं हो सकते। उन्होंने दावा किया कि 25 अक्टूबर, 2021 को दिल्ली के आबकारी विभाग द्वारा दिए एक कुछ मामलों को सरकार के संज्ञान में लाया गया था, जिनमें उत्पादक, खुदरा विक्रेता और वितरक एक समान थे लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। भाजपा सांसद प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने कहा कि एक विशेषज्ञ समिति ने सुझाव दिया था कि शराब की बिक्री को बढ़ाने के लिए प्रचार-प्रसार नहीं किया जाना चाहिए लेकिन दिल्ली सरकार ने शराब के एक कार्टन पर एक कार्टन मुफ्त देना आरंभ कर दिया।

### असम के 34 सरकारी स्कूल होंगे बंद, 10वीं बोर्ड में खराब रिजल्ट आने के बाद राज्य सरकार ने लिया फैसला

नई दिल्ली। असम में 34 स्कूल को बंद किया जा रहा है। इसका कारण यह है कि स्कूलों के करीब 1000 छात्राओं ने राज्य बोर्ड की ओर से आयोजित की गई 10वीं की परीक्षा पास नहीं की है। इससे नाराज होकर राज्य के शिक्षा मंत्री रनोज पेगू ने ऐलान किया कि जिस भी स्कूल में सफलता की दर शून्य है, वहां करदाता के पैसे खर्च करना फिजूल है और इसी को देखते हुए सरकार ने असम के 34 स्कूलों को बंद करने का आदेश दे दिया है। अंग्रेजी अखबार टीओआई की एक रिपोर्ट के मुताबिक, शिक्षा मंत्री ने कहा, स्कूलों का कर्तव्य शिक्षा प्रदान कराना है और अगर कोई इसे सुनिश्चित करने में विफल होते है कि उसके 10वीं के छात्र परीक्षा पास कर नहीं पाए है तो इन स्कूलों को जारी रखना बेकार होगा क्योंकि सरकार शून्य सफलता रिकॉर्ड बनाने वाले स्कूलों पर जनता का पैसा खर्च नहीं कर सकती है। बता दें कि असम राज्य में 5 साल का सबसे खराब 10वीं का रिजल्ट सामने आया है और इसी को देखते हुए सरकार ने ये फैसला सुनाया। इस साल चार लाख उम्मीदवारों में से केवल 56.49 प्रतिशत छात्रा ही 10वीं क्लास की परीक्षा पास की है। यह साल 2018 के बाद सबसे ज्यादा कम है। एक सीनियर शिक्षा अधिकारी ने बताया कि सरकार द्वारा संचालित उन स्कूलों को बंद करने का ऐलान किया गया है जिसमें पास प्रतिशत शून्य आया है। इसके अलावा छात्राओं का भविष्य देखते हुए इन स्कूलों के बच्चों का एडमिशन दूसरे हाई स्कूलों में दाखिला का मौका मिलेगा। ऐसा फैसला कोरोना महामारी से आई परेशानी और शिक्षकों का छात्रों पर पूरा ध्यान न देने के कारण भी लिया जा रहा है।

### कर्नाटक- सड़क दुर्घटना में हुई मौतों पर पीएम मोदी ने जताया शोक

नई दिल्ली। कर्नाटक के तुमकुरू में गुरुवार को हुए भीषण सड़क हादसे 9 लोगों की मौत पर पीएम मोदी ने शोक जताया और इसे 'हृदय-विदारक' घटना बताते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की और साथ ही मुआवजे की भी घोषणा की। मालूम हो कि तुमकुरू में कलमबेल्ला के पास गुरुवार को सुबह एक टेम्पो और लॉरी आपस में टकरा गए। इस हादसे में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और 13 अन्य लोग घायल हो गए। मृतकों में बच्चे भी शामिल हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी एक ट्वीट के मुताबिक, मोदी ने कहा, 'कर्नाटक के तुमकुरू में हुआ हादसा हृदय-विदारक है। मृतकों के परिजनों के प्रति मैं संवेदना व्यक्त करता हूं। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।' पीएमओ ने कहा कि मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपये दिए जाने के साथ ही घायलों को भी पचास-पचास हजार रुपये दिए जाएंगे। हादसे में मारे गए लोग रायचूर जिले के विभिन्न भागों से आए दिहाड़ी मजदूर थे और बेंगलुरु जा रहे थे।

### जम्मू-कश्मीर में आया 4.1 तीव्रता का भूकंप

जम्मू । जम्मू-कश्मीर में बुधवार देर भूकंप के झटके महसूस किए गए घटना रात की जब 4.1 तीव्रता का भूकंप आया, लेकिन किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की कोई खबर नहीं है। जानकारी के अनुसार भूकंप का केंद्र जम्मू क्षेत्र के कटरा इलाके से 62 किलोमीटर उत्तर पूर्व में 5 किलोमीटर की गहराई में था। मंगलवार को जम्मू-कश्मीर में छह भूकंप आए, लेकिन किसी के हताहत होने या किसी संपत्ति के नुकसान की कोई खबर नहीं है। जम्मू-कश्मीर के कटरा, डोडा, उधमपुर और किश्तवाड़ जिलों में भूकंप के झटके महसूस किए गए।

### झारखंड सीएम हेमंत सोरेन की बढ़ेगी मुश्किलें, जा सकती सदस्यता! ईसी ने राज्यपाल को भेजी अपनी रिपोर्ट

रांची । लाभ के पद पर होने के आरोपों को लेकर झारखंड सीएम हेमंत सोरेन की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। बीते दिनों हेमंत सोरेन के करीबी के घर से ईडी की छापेमारी में दो एके 47 और कारतूस बरामद किए गए थे।



जिसके बाद लगातार सवाल उठ रहे थे। अब हेमंत सोरेन के लिए खनन पट्टा मामला गले की फांस बन गया। बीजेपी ने उन पर खुद को एक खनन पट्टा आवंटित करने का आरोप लगाया है और एक विधायक के रूप में उन्हें अयोग्य ठहराने की मांग की है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार चुनाव आयोग की तरफ से झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस को अपनी रिपोर्ट भेज दी है। झारखंड के मुख्यमंत्री की टीम ने चुनाव आयोग के सामने इस बात पर जोर दिया था कि चुनाव कानून के वे प्रावधान मामले में लागू ही नहीं होते हैं, जिनका उल्लंघन करने का आरोप उन पर लगाया गया है। सोरेना की कानूनी टीम ने 12 अगस्त को चुनाव आयोग के समक्ष अपनी दलील पूरी की थी। जिसके बाद मामले में याचिकाकर्ता बीजेपी ने जवाब दिया था। दोनों पक्षों ने 18 अगस्त को निर्वाचन आयोग को अपनी लिखित दलीलें सौंपीं थीं।

### गुजरात में प्रति दिन भर्ती होनेवाले हजारों मरीजों में 4 प्रतिशत मरीज राजस्थान के

हमदाबाद । गुजरात विधानसभा के इस वर्ष होनेवाले चुनाव को लेकर वोटरों को रिझाने के लिए राजनीतिक दल वादे पर वादे किए जा रहे हैं। गुजरात कांग्रेस के वरिष्ठ निरीक्षक और राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने स्वास्थ्य योजना को लेकर बड़ा वादा किया। अशोक गहलोत ने बीते दिन वादा किया कि गुजरात में कांग्रेस सरकार बनने पर वह स्वास्थ्य, सरकारी और कृषि क्षेत्र में राजस्थान मॉडल अपनाएगी। साथ ही पुरानी पैंशन योजना भी लागू करने का गहलोत ने वादा किया था। इसके अलावा गुजरात में कांग्रेस की सरकार आने पर चिरंजीवि स्वास्थ्य योजना लागू करने का भी अशोक गहलोत ने ऐलान किया। अगर राजस्थान की स्वास्थ्य योजना वाकई में इतनी बेहतर है तो वहां के मरीज गुजरात में इलाज कराने क्यों आते हैं? अगर आंकड़ों की बात करें तो अहमदाबाद के सिविल अस्पताल के ओपीडी में प्रति दिन आनेवाले हजारों मरीजों में 4 प्रतिशत मरीज राजस्थान के होते हैं। 5 प्रतिशत मरीज अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती होते हैं। पिछले तीन महीने की बात की जाए तो ओपीडी में 75 हजार मरीज उपचार के लिए आए थे, जिसमें 2500 मरीज राजस्थान के थे। इसी प्रकर तीन महीने में 7500 मरीज अस्पताल में भर्ती हुए। जिसमें राजस्थान के 250 मरीज भर्ती किए गए। राजस्थान के इन मरीजों का ऑपरेशन और उपचार अहमदाबाद के सिविल अस्पताल में किया गया। कुल मिलाकर हर 11 लाख मरीज अहमदाबाद के सिविल अस्पताल में आते हैं, जिसमें 4 प्रतिशत राजस्थान से आते हैं।

# पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएसी विक्रांत को 2 सितंबर को नौसेना को सौंपेगे पीएम मोदी



**कोच्चि (एजेंसी)।**

कोचीन शिपयार्ड में लगभग 20,000 करोड़ रुपये की लागत से बना पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएसी विक्रांत (ढ्ढ2 सितंबर को लांच होना है। पीएम नरेंद्र मोदी आईएसी विक्रांत को नौसेना में शामिल करने वाले हैं। देश में बनने वाला 45,000 टन का स्वदेशी एयरक्रॉफ्ट कैरियर भारतीय नौसेना को एक ब्लू वॉटर नेवी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा। इस जहाज पर एक साथ 30 लड़ाकू जेट और हेलीकाप्टर तैनात रह सकते हैं।


खबर के मुताबिक मिग-29 सुपरसोनिक फाइटर जेट्स के अपने विशाल डेक से महत्वपूर्ण उड़ान परीक्षणों को पूरा करने के बाद आईएसी विक्रांत पूरी तरह से जंग के लिए तैयार होगा। इसके साथ ही वह 2023 के मध्य तक अपने सभी उच्च-तकनीकी हथियारों से लैस होगा। जिसमें इजरायल की 80-किमी. रेंज की बराक-8 सर्फेस-टू-एयर मिसाइल सिस्टम भी शामिल है। ध्रुव, सी किंग और चेतक हेलीकॉप्टरों के परीक्षण पहले ही समाप्त हो चुके हैं। अब अक्टूबर-नवंबर में शुरू होने वाले मिग-29 के परीक्षणों के लिए आईएसी विक्रांत पूरी तरह तैयार है. अमेरिका से हासिल नए पनडुब्बी शिकारी एमएच-60 रोमियो हेलीकॉप्टरों के साथ-साथ रूस के कामोव-31 हेलिकॉप्टरों के परीक्षण भी चल रहे हैं।

आईएसी विक्रांत के कप्तान कमोडोर विद्याधर हरके ने बताया कि आईएसी के समुद्री परीक्षणों के दौरान पहली बार में डेक पर 22 हेलीकॉप्टरों ने टचडाउन किया था। धीरे-धीरे हम उनके बेड़ों को बढ़ाएंगे। आईएसी विक्रांत का डिजाइन भारतीय नौसेना के डायरेक्टरेट ऑफ नेवल डिजाइन (डीएनडी) ने बनाया है। इस कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) ने बनाया है। जो पोर्ट्स, शिपिंग और जलमार्ग मंत्रालय के तहत एक सार्वजनिक क्षेत्र का शिपयार्ड है। इस एयरक्रॉफ्ट कैरियर का नाम भारत के पहले एयरक्राफ्ट कैरियर के नाम पर रखा गया है. जिसने 1971 के भारत-पाक युद्ध में एक अहम भूमिका निभाई थी।

आईएसी विक्रांत का परीक्षण चार परीक्षण चरणों में किया गया था, इसका चौथा परीक्षण 10 जुलाई को पूरा हुआ था। समुद्री परीक्षणों के अंतिम चरण को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद नौसेना ने 28 जुलाई को सीएसएल से वाहक की डिलीवरी ली थी। बहरहाल इस औपचारिक रूप से नौसेना में शामिल करने के लिए 2 सितंबर को सीएसएल जेट्टी में एक कार्यक्रम होगा। विक्रांत की डिलीवरी के साथ ही भारत उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल हो गया है जिनके पास स्वदेशी रूप से एक विमान वाहक डिजाइन करने और बनाने की क्षमता है। इस विमानवाहक पोत में 2,300 से अधिक कंपार्टमेंट हैं, जिन्हें लगभग 1700 लोगों के दल के लिए डिजाइन किया गया है। इसमें महिला अधिकारियों के रहने के लिए विशेष केबिन भी हैं। विक्रांत की सबसे तेज गति लगभग 28 समुद्री मील है। यह पोत 262 मीटर लंबा, 62 मीटर चौड़ा और 59 मीटर ऊंचा है। विक्रांत का निर्माण 2009 में शुरू हुआ था। इसका डेक फुटबॉल के दो मैदानों के बराबर है। आईएसी विक्रांत पर आठ बिजली जनरेटर लगे हैं, जो पूरे कोच्चि शहर को रोशन करने के लिए काफी हैं। एयरक्रॉफ्ट कैरियर में सभी सुविधाओं से लैस एक अस्पताल भी है।

## दूसरे दलों से विधायकों को चुराना भाजपा पार्टी का एकमात्र लक्ष्य: उद्धव ठाकरे

**मुंबई (एजेंसी)।**



शिवसेना को एकनाथ शिंदे सहित 40 विधायकों और 12 सांसदों के बगावत के झटके से अभी उबरना बाकी है। सियासी गलियारों में इसकी चर्चा चल रही है कि शिवसेना में सेंधमारी का सिलसिला थम नहीं रहा है। पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे पार्टी को बचाने के लिए एक के बाद एक बैठक कर रहे हैं, वहीं उनके सुपुत्र आदित्य ठाकरे काफी सक्रिय हो गए हैं। इसमें उद्धव ठाकरे ने शिंदे समूह के साथ फिर बीजेपी पर जोरदार हमला बोला है। उद्धव ठाकरे ने आलोचना की है कि बीजेपी का एक सूत्री कार्यक्रम दूसरे के विधायक-खासदार को चुराना है। दोनों पार्टियों के नेता एक-दूसरे को लताड़ने का कोई मौका नहीं छोड़ते। शिंदे की बगावत के बाद उद्धव ठाकरे बीजेपी के खिलाफ और आक्रामक होते दिख रहे हैं।

उद्धव ने कहा कि अब अगर कुछ विधायक-खासदार गायब हो जाते हैं, तब उन्हें भी वहां देखना होगा। कोई आत्म विचार नहीं, कोई आचरण नहीं। बस सत्ता चाहिए। उद्धव ठाकरे ने कहा कि हम जो चाहें करेंगे, लेकिन हमें सत्ता चाहिए। सभी विधायक, सांसद, नेता सपने चुराते थे। उद्धव ठाकरे ने इस बार भाजपा से भी पूछा कि यह आपकी पार्टी है या चोरबाजार। इस बीच उद्धव ने भाजपा का मजाक उड़ाकर कहा कि यह राष्ट्रीय पार्टी नहीं बल्कि चोर बाजार है। विधायक-खासदार को दूसरे दल से चुराना ही उनका एकमात्र कार्यक्रम है। उनका एक सूत्री कार्यक्रम दूसरे दलों के नेताओं को लाना है। ठाकरे ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि विधायक-खासदार लाओ। वे भी काफी नहीं हैं इसलिए पार्टी के नेता को दूसरी पार्टी से चुरा लें। आप खुद सपने भी नहीं देखते हैं। तब, दूसरे लोगों के सपने भी चुरा लो।

# हमारा एक भी विधायक अभी तक नहीं टूटा, केजरीवाल ने कहा- हम कट जाएंगे पर देश के साथ दगा नहीं करेंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**



मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आप के अन्य विधायक महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने राजघाट पहुंचे। इस दौरान पत्रकारों से बात करते हुए दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि ये पिछले कुछ दिनों से हमारे विधायकों के पीछे पड़े हैं। एक-एक एमएलए को 20-20 करोड़ का ऑफर दिया जा रहा है। हमारा एक भी वियादक अभी तक नहीं टूटा है। हम कट जाएंगे पर देश के साथ दगा नहीं करेंगे।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि इन लोगों ने मनीष सिसोदिया के घर पर करीब 14 घंटो तक रेड की, लेकिन उन्हें कुछ नहीं मिला। रेड के अगले दिन इन्होंने मनीष सिसोदिया को संदेश भेजा कि आप केजरीवाल को छोड़ दिजिए। कुछ विधायकों को लेकर हमारे साथ आएं। हम केजरीवाल की सरकार गिराकर आपको मुख्यमंत्री बना देंगे। आप विधायक सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया है कि आम आदमी पार्टी के 40 विधायकों को खरीदने के लिए प्रत्येक विधायक को 20-20 करोड़ का प्रस्ताव दिया गया था। सीबीआई और ईडी को जांच करनी चाहिए कि 40 विधायकों को खरीदने के लिए भाजपा के पास 800 करोड़ रुपये कहां से आए।

सीबीआई ने मनीष सिसोदिया के घर पर गद्दों और दीवारों तक की तलाशी ली लेकिन कुछ भी आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली। सीबीआई की छापेमारी के एक दिन बाद मनीष सिसोदिया को मुख्यमंत्री पद की पेशकश की गई और उनसे मुझे धोखा देने को कहा गया। भाग्यवान हूं कि मेरे पास मनीष सिसोदिया हैं जिन्हें मुख्यमंत्री पद की कोई लालसा नहीं है। आप विधायक बिकने के बजाए मरना पसंद करेंगे।

## पेगासस मामला: कांग्रेस के झूठ की खेती ज्यादा दिनों तक नहीं चली: भाजपा

**नई दिल्ली।** पेगासस जासूसी मामले को लेकर गुरुवार सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इसमें सुप्रीम कोर्ट ने कहा है, कि 29 में से 5 फोन में मालवेयर मिले हैं, लेकिन किसी में भी जासूसी के सुबूत नहीं है। इसके बाद भाजपा कांग्रेस पर हमलावर हो गई है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस पर जबरदस्त तरीके से पलटवार किया है। प्रसाद ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस ने झूठा प्रचार किया है। उन्होंने कहा कि झूठ की खेती ज्यादा दिनों तक नहीं चली। कांग्रेस ने मामले को लेकर संसद नहीं चलने दिया था। राहुल गांधी ने इस लेकर झूठ बोला था। प्रसाद ने कहा कि हाई-प्रोफाइल तकनीकी समिति, जिसमें प्रख्यात प्रौद्योगिकी के लोग शामिल थे, ने परीक्षण किया और 29 मोबाइलों में से किसी में भी पेगासस वायरस नहीं पाया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने कहा था- पेगासस लोकतंत्र को कुचलने का एक प्रयास है। यह देश और देश की संस्थाओं पर हमला है। भाजपा नेता ने कहा कि यह एक प्रेरित अभियान था और सच्चाई से बहुत दूर था। यह मोदी जी को कमजोर करने और बदनाम करने का प्रयास था। राहुल गांधी और उनकी पार्टी की समस्या यह है कि उन्हें हमारे पीएम और उनकी सरकार से दुश्मनी है। इसकारण वे अपनी पार्टी का विस्तार करने के लिए झूठ का सहारा लेते हैं।बता दें कि सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को पेगासस मामले को लेकर सुनवाई हुई। मामले की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर गठित पैनल ने अपनी रिपोर्ट सौंपी थी।


## मुस्लिम शख्स को तलाक देने से और दूसरी शादी करने से नहीं रोक सकती अदालत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

एक मुस्लिम व्यक्ति को अपनी पत्नी को तलाक देने से कोर्ट नहीं रोक सकता। यह सुनवाई के दौरान केरल हाईकोर्ट ने कहा है। साथ में यह भी कहा कि कोर्ट की तरफ से अगर शख्स दूसरी शादी करना चाहता है तो उसे रोक नहीं सकते है। इसका कारण है कि यह मुस्लिम कानून या शरीयत के अनुसार एक अधिनियम है।उच्च न्यायालय ने 30 वर्षीय एक व्यक्ति द्वारा दो पारिवारिक अदालत के आदेशों को चुनौती देने वाली याचिका की अनुमति देते हुए यह बात कही है। जस्टिस ए मोहम्मद मुस्ताक और सोफी थॉमस की खंडपीठ ने 17 अगस्त के आदेश में कहा 'न्यायालय को भारत के संविधान के अनुच्छेद 25 के जनादेश को नहीं भूलना चाहिए, जो न केवल किसी को धर्म का पालन करने की अनुमति देता है बल्कि अभ्यास करने की भी अनुमति देता है।' कोर्ट ने आगे कहा कि ऐसे मामलों में कोर्ट का अधिकार क्षेत्र सीमित है। कोर्ट यह सुनवाई एक मुस्लिम शख्स की याचिका पर कर रही है जिसमें एक पत्नी को दो बार तलाक बोलने के बाद फैमिली कोर्ट ने तीसरी बार तलाक देने पर रोक लगा दी थी। याचिकाकर्ता ने हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। कोर्ट की डबल बेंच ने कहा कि अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि उचित समय पर, यदि कानून के अनुसार तलाक का प्रयोग नहीं किया जाता है, तो पत्नी अपनी शिकायतों के निवारण के लिए सक्षम न्यायालय का दरवाजा खटखटा सकती है। लेकिन फैमिली कोर्ट मुस्लिम शख्स को तलाक देने से और दूसरी शादी करने से रोक नहीं सकती है।

# प्रियंका गांधी बोली- गुजरात दंगों की पीड़िता बिल्कीस बानो को न्याय दो

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**



कांग्रेसनेत्री प्रियंका गांधी वॉड्रा ने गुरुवार को गुजरात दंगों की पीड़िता बिल्कीस बानो के लिए न्याय की गुहार लगाई और कहा कि 2002 के सामूहिक दुष्कर्म व उनके परिवार के सात लोगों की हत्या के मामले में दोषी करार दिए गए 11 लोगों की रिहाई पर सरकार ने चुप्पी साधकर अपना रुख स्पष्ट कर दिया है। गुजरात सरकार की माफी नीति के तहत पिछले दिनों 15 अगस्त को गोधरा उप कारागार से इस मामले के 11 दोषियों को रिहा किया गया था। प्रियंका ने एक ट्वीट में कहा, 'बलात्कार की सजा पा चुके 11 लोगों की रिहाई, कैमरे पर उनके स्वागत-समर्थन में बयानबाजी पर चुप्पी साधकर सरकार ने अपनी लकीर खींच दी है।' उन्होंने कहा, 'लेकिन देश की महिलाओं को संविधान से आस है। संविधान अंतिम पंक्ति में खड़ी महिला को भी न्याय के लिए संघर्ष का साहस देता है। बिल्किस बानो को न्याय दो।'

कांग्रेस नेता का यह बयान ऐसे समय में आया है जब इन 11 दोषियों की रिहाई के खिलाफ एक याचिका पर उच्चतम न्यायालय में सुनवाई हो रही है। उच्चतम न्यायालय ने दोषियों की रिहाई को चुनौती देने वाली याचिका पर गुजरात सरकार और केंद्र को नोटिस जारी किया। गौरतलब है कि माफी नीति के तहत गुजरात सरकार ने इस मामले में उम्र कैद की सजा काट रहे सभी 11 दोषियों को 15 अगस्त को गोधरा के उप कारागार से रिहा कर दिया गया था, जिसकी विपक्षी पार्टियों ने कड़ी निंदा की थी। मुंबई की विशेष सीबीआई अदालत ने 21 जनवरी 2008 को सभी 11 आरोपियों को बिल्कीस बानो के परिवार के सात सदस्यों की हत्या और उनके साथ सामूहिक दुष्कर्म का दोषी ठहराते हुए उम्र कैद की सजा सुनाई थी। बाद में इस फैसले को बंबई हाई कोर्ट ने भी बरकरार रखा था।

इन दोषियों को सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के तहत विचार करने के बाद रिहा किया गया। शीर्ष अदालत ने सरकार से वर्ष 1992 की क्षमा नीति के तहत दोषियों को राहत देने की अर्जी पर विचार करने को कहा था। इन दोषियों ने 15 साल से अधिक कारावास की सजा काट ली थी जिसके बाद एक दोषी ने समयपूर्व रिहा करने के लिए शीर्ष न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। इस पर शीर्ष अदालत ने गुजरात सरकार को मामले पर विचार करने का निर्देश दिया था।

# राजस्थान में लंपी स्किन का प्रकोप, 30 हजार गोवंश की मौत, 7 लाख संक्रमित

**जयपुर (एजेंसी)।**



राजस्थान में इन दिनों गोपालक परेशान है यहां गोवंश में लंपी स्किन बीमारी का प्रकोप पूरे राज्य में पैर पसार चुका है। लंपी स्किन बीमारी से सूबें में अब तक करीब 30 हजार गोवंश की मौत हो चुकी है। वहीं 7 लाख पशु इसके संक्रमण की चपेट में आ चुके हैं। लंपी स्किन राजस्थान के 33 में से 30 जिलों में फैल गया है। अब इस बीमारी का मुकाबला करने के लिए राजस्थान में युद्ध स्तर पर टीकाकरण शुरू किया गया है। राजस्थान में 8 लाख गॉट-पॉक्स वैक्सीन की डोज मंगवाई जा चुकी है। राजस्थान में 1.39 करोड़ पशुधन में वायरस का संक्रमण रोकने के लिए कुल 41 लाख गॉट-पॉक्स वैक्सीन की डोज खरीदने की तैयारी है।

पशुपालन विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार राजस्थान के 30 जिलों में लंपी स्किन वायरस से संक्रमित पशुओं का आंकड़ा सात लाख को पार कर गया है। सबसे ज्यादा संक्रमित पशु मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के गृह जिले जोधपुर में सामने आए हैं। जोधपुर में अब तक 89043 पशुओं में लंपी स्किन वायरस का संक्रमण पाया जा चुका है। जोधपुर में इसके संक्रमण से 2918 पशुओं की मौत भी हो चुकी है। वहीं श्रीगंगानगर जिला 76980 संक्रमित पशुओं की संख्या के साथ दूसरे पायदान पर है। लंपी स्किन वायरस से श्रीगंगानगर जिले में सर्वाधिक मौतें सामने आई हैं। गंगानगर जिले में अब तक 4218 संक्रमित पशुओं की मौत हो चुकी है।

सर्वाधिक संक्रमित पशु सीमावर्ती जिलों में सामने आए हैं। जोधपुर जिले में 89043, बाड़मेर में 78979, जैसलमेर में 35332, जालोर में 42438, बीकानेर में 60250, श्रीगंगानगर में 76980, हनुमानगढ़ में 54299, पाली में 42081, सिरोही में 15551, चूरू में 49977, अजमेर में 22435 और नागौर में 55772 पशु लंपी वायरस से संक्रमित मिले हैं। सीमावर्ती जिलों के साथ साथ राजस्थान के लगभग सभी जिलों में लंपी स्किन वायरस के केस सामने आ रहे हैं। हालांकि पूर्वी राजस्थान में वायरस ने अभी एंट्री की है। इसके कारण संक्रमित पशुओं की संख्या ज्यादा नहीं है। लेकिन पूर्वी राजस्थान के सभी जिलों में अब ये वायरस अपना असर दिखा रहा है।

पशुपालन विभाग के सचिव पी.सी. किशन ने बताया की सीमावर्ती जिलों में पहले तेजी से संक्रमण फैला था। तब मृत्यु दर सर्वाधिक थी। लेकिन सीमावर्ती जिलों में अब पशुओं की मौतों के आंकड़ों में अस्सी से नब्बे फीसदी तक की गिरावट दर्ज की गई है। विभाग का मानना है कि लंपी स्किन बीमारी का संक्रमण शुरुआती दौर में ज्यादा प्रभावशाली रहता है। फिर वायरस का असर कम होने के कारण यह पशुओं को ज्यादा नुकसान नहीं पहुंचा रहा है। राज्य सरकार ने अब केन्द्रीय गाइडलाइन के अनुसार टीकाकरण अभियान युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया है। पशुपालन, मतस्य एवं कृषि मंत्री लालचंद कटारिया ने बताया की राज्य सरकार ने गॉट-पॉक्स वैक्सीन खरीदने के लिए पशुपालन विभाग के साथ साथ गोपालन विभाग और राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन को भी जिम्मेदारी सौंपी है।


स्वामी, मुद्रक व् प्रकाशक : सुरेश मौर्या द्वारा अष्ट विनायक ओफ़्सेट एफपी,149 प्लोट 26 खोडीयारनगर,सिद्धिविनायक मंदीर के पास , (भाटेना) हो.सो अंजना सुरत गुजरात से मुद्रित एवं 191 महादेव नगर उधना सुरत गुजरात से प्रकाशित संपादक :सुरेश मौया (M) 9879141480 RNI No.:GUJHIN/2018/751000 (Subject to Surat jurisdiction)

# गृह क्लेश से तंग आकर चार बेटियों को जहरीला पेय पिलाकर महिला ने भी गटगटाया

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

वलसाड के एक गांव में गृह क्लेश से तंग आकर एक महिला ने पहले अपने बेटियों



को जहरीला पेय पिलाया और उसके बाद में खुद ने भी पी लिया। घटना के बाद माता और चार बेटियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां सभी की हालत स्थिर बताई जा रही है। घटना वलसाड जिले की उमरगाम तहसील के पुनाट गांव की है। पुनाट गांव निवासी कुंता अमित वरली नामक एक महिला ने 6 महीने से 10 वर्ष आयु की चार बेटियों को पिला दिया। बाद में कुंता वारली ने खुद भी जहरीला पेय पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। यह घटना उस समय हुई जब कुंता का पति अमित नौकरी पर गया था। अमित वारली जब नौकरी से लौटा तो देखा घर में चार बेटियों और पत्नी के मुंह से झाग निकल रहा था। जिसके बाद पत्नी समेत चार बेटियों को तुरंत भिलाड के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। जहां मां-बेटियों का उपचार चलरहा है। घटना की खबर मिलते ही भिलाड पुलिस मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच शुरू कर दी। प्राथमिक जांच में घटना की वजह परिवारिक क्लेश होने क खुलासा हुआ है। पति-पत्नी के बीच आए दिन किसी न किसी बात को लेकर लड़ाई झगड़ा होता था। जिससे तंग आकर कुंता वारली ने पति की अनुपस्थिति में बेटियों समेत सामूहिक आत्महत्या का प्रयास किया।

# कंपनी सेक्रेटरी प्रोफेशनल लेवल का परीक्षा परिणाम घोषित, सूरत की निकिता ने देश भर में हासिल की पहली रैंक

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (ICSI) ने जून 2022 में आयोजित CS कार्यकारी और व्यावसायिक स्तर की परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। जिसमें सूरत की निकिता चांदवानी ने देश में पहला स्थान हासिल किया है। दिन में सात से आठ घंटे तैयारी करने वाली निकिता निकट भविष्य में बी.कॉम करने के बाद किसी अच्छी कंपनी में नौकरी पाने की उम्मीद करती है। निकिता ने कहा कि यह परिणाम पहले दिन से ही तैयारी और नोट्स बनाने से हासिल हुआ है।

12वीं कॉमर्स में 92 फीसदी अंक हासिल करने के बाद सीएस प्रोफेशनल में प्रवेश लेने वाली निकिता ने कहा कि उसने 900 में से 576 अंक हासिल



कर देश में पहला स्थान हासिल किया है। इग्नाइट सेंटर के स्नेह भाटिया और सीएस भूपेंद्र जैन के मार्गदर्शन में तैयार किया गया। वह दिन में सात से आठ घंटे तैयारी करती थी। जिसके चलते यह सफलता हासिल हुई है। वह रोज मेहनत से तैयारी करती थी और नोट्स बनाती थी। निकिता ने आगे कहा कि परीक्षा से पहले उचित नींद लेना भी जरूरी है।

माता-पिता का भरपूर सहयोग मिला निकिता ने कहा, पिता रमेशभाई चांदवानी कपड़ा बाजार में सर्विस एजेंसी चलाते हैं और मां रेखाबेन गृहिणी हैं और भाई विवेक १२वीं कॉमर्स में पढ़ रहा है. परिवार के निरंतर सहयोग से आज यह परिणाम प्राप्त हुआ है। देश में प्रथम स्थान प्राप्त करने के बाद परिवार में खुशी की भावना फैल गई है।

कठिन विषय निरंतर अभ्यास से आसान हो गए निकिता ने कहा, आरसीडी यानी कॉरपोरेट विषय का समाधान मेरे लिए कठिन था। हालांकि, यह विषय निरंतर अभ्यास से जुड़ा है और इस प्रकार नोट्स तैयार करना और बनाना कठिन विषयों को भी आसानी से हल कर सकता है।

बोझ से तैयारी मत करो निकिता ने कहा, जब मैं परीक्षा की तैयारी कर रही थी तो बोर हो जाती थी तो सोशल मीडिया का इस्तेमाल करती थी और उसी तरह तरोताजा हो जाती थी। गलत भार के साथ तैयारी न करें मैं भी परीक्षा से पहले सोता हूं और वह भी बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि अगर हम परीक्षा के अंतिम दिनों में गलत तनाव लेने से संतुलन खो देते हैं तो भी हम सफलता से वंचित रह जाते हैं। तो मैं सभी छात्रों से कहूंगा, बोझ के साथ तैयारी न करें और स्वतंत्र महसूस करें और तैयारी करें।

# बिल्किस बानो केस में दोषियों की रिहाई पर सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र और गुजरात सरकार से मांगा जवाब

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

सुप्रीम कोर्ट ने बिल्किस बानो केस में 11 दोषियों को रिहा करने पर केन्द्र और गुजरात सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सामाजिक कार्यकर्ता सुभाषिनी अली, रूपरेखा वर्मा और रेवती लाल इस मामले में 11 दोषियों को रिहा करने के गुजरात सरकार के देश को रद्द करने की सुप्रीम कोर्ट से मांग की थी। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि बिल्किस बानो केस की जांच सीबीआई ने की थी, इसलिए गुजरात सरकार दोषियों को रिहा करने का एकतरफा फैसला नहीं कर सकती। क्रिमिनल प्रोसिजर कोड के सेक्शन के तहत 435 के अंतर्गत राज्य सरकार के लिए केन्द्रीय गृह मंत्रालय से सलाह लेना जरूरी है। याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने 2002 के गोधरा दंगों के दौरान 14 लोगों की हत्या और महिलाओं के सामूहिक बलात्कार के लिए दोषी ठहराए गए 11 लोगों को सजा में छूट देने पर गुजरात सरकार और केंद्र को नोटिस जारी किया है। इससे पहले गुजरात सरकार ने कहा था कि गुजरात में 2002 के दंगों के बिलकिस बानो मामले में उम्रकैद की सजा पाने वाले सभी 11 दोषियों को 2008 में दोषी ठहराए जाने के समय गुजरात में प्रचलित माफी नीति के तहत रिहा किया गया है। गुजरात सरकार के गृह विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी 16 अगस्त को दी थी। उन्होंने मामले में केंद्र सरकार के दिशानिर्देशों के उल्लंघन के दावों को खारिज कर दिया था। बता दें कि इस साल जून में केंद्र सरकार ने आजादी का अमृत महोत्सव के जश्न के मद्देनजर कैदियों की रिहाई से संबंधित विशेष दिशा निर्देश राज्यों को जारी किए थे। हांलाकि इसमें बलात्कार के दोषियों के लिए समय पूर्व रिहाई की व्यवस्था नहीं थी। बिलकिस बानो सामूहिक बलात्कार और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के मामले के दोषी सभी 11 लोगों को गुजरात की भाजपा सरकार ने माफी नीति के तहत सजा माफी दे दी थी, जिसके बाद 15 अगस्त को उन्हें गोधरा उप-कारागार से रिहा कर दिया गया। गौरतलब है मुंबई की विशेष सीबीआई अदालत ने 21 जनवरी, 2008 को इन 11 लोगों को रेप और बिलकिस बानो के परिवार के सात सदस्यों की हत्या के आरोप में उम्र कैद की सजा सुनाई थी। विशेष सीबीआई अदालत का फैसला मुंबई उच्च न्यायालय ने बरकरार रखा था। बिलकिस बानो के साथ जब सामूहिक बलात्कार किया गया था, उस वक्त वह 21 वर्ष की थी और उसे पांच महीने का गर्भ था। मारे गए लोगों में उनकी तीन साल की बेटी भी शामिल थी।

# सिविल के दोनों सर्जरी वार्ड भरे हुए हैं, संचालित मरीजों का इलाज फर्श पर

**क्रांति समय,सूरत**
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

दक्षिण गुजरात के सबसे बड़े सिविल अस्पताल में सर्जरी के मरीजों को काफी परेशानी हो रही है. पर्याप्त बेड नहीं होने के कारण ऑपरेशन के बाद मरीजों को फर्श पर ही सुलाया जा रहा है। यही हाल 2 पुरुष वार्डों में से एक पर ताला लगा है। डॉक्टरों का कहना है कि ये वार्ड जर्जर होने के कारण खतरनाक हैं। पुराने भवन की तीसरी मंजिल पर 4 वार्ड हैं। जिनमें से 2 पुरुष और 2 महिला मरीजों के लिए हैं।

जमीन पर ही मरीजों का इलाज किया गया



। इसमें 43 बेड हैं, जो फुल होने पर जमीन पर मरीजों का इलाज किया जा रहा है। कुछ मरीजों का 3 से 4 दिन तक जमीन पर इलाज करना पड़ता है। डॉक्टरों का कहना है कि मानसून के दौरान दुर्घटना के मामलों में वृद्धि के कारण यह एक समस्या है। साल भर में सिर्फ 30-40 मरीज ही भर्ती होते हैं, फिलहाल 50 से ज्यादा आ रहे हैं।

हादसे में घायलों का ऑपरेशन हुआ लेकिन बेड नहीं मिला हमने कई बार गुहार लगाई लेकिन गद्दा नहीं मिला

केस-1 : खटोदरा निवासी राहुल सिंह (46) को सड़क पार करते समय किसी वाहन ने टक्कर मार दी. पेट में गंभीर रूप से जख्मी हो गया। पेट की सर्जरी के बाद उन्हें मेडिकल वार्ड में भर्ती कराया गया था। लेकिन तीन दिन से बेड नहीं मिला है। वार्ड भर जाने के कारण फर्श पर मिट्टी का बिस्तर लगा दिया गया है। राहुल ने कहा कि उन्होंने कई बार डॉक्टरों से बेड मांगा, लेकिन अभी तक वे उन्हें बेड उपलब्ध नहीं करा पाए हैं.

केस-2: भातर निवासी रश्मीकांत पटेल (46) घर में बेहोश होकर गिर पड़ा और उसके हाथ-पैर में गंभीर चोटें आईं। मेडिकल वार्ड में उसे भी फर्श पर गद्दे पर सुला दिया





